ज्ञानामृत
यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।
महर्षि अरविन्द

राष्ट्र को समर्पित
# विजय मत
छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, मंगलवार, 01 जुलाई 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 177 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### जानवर 'जीवन धन' हैं, 'पशु' शब्द का इस्तेमाल ठीक नहीं: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि जानवरों के लिये 'पशु' शब्द का इस्तेमाल करना 'ठीक नहीं है'। मुर्मू ने जानवरों को 'जीवन धन' करार दिया। राष्ट्रपति ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के



11वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, "जानवरों के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता, इसलिए 'पशु' शब्द ठीक नहीं लगता। उनके बिना हम जिंदगी सोच नहीं सकते। हमारी संस्कृति जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। पशुओं से हमारे देवताओं और ऋषि-मुनियों का संवाद होता है। यह मान्यता भी इस सोच पर आधारित है। भगवान के कई अवतार भी इसी विशिष्ट श्रेणी में हैं।" उन्होंने अपने बचपन की किस्सों का उदाहरण देते हुए कहा, "हम जब छोटे थे तब बहुत सारे गिद्ध थे, लेकिन आज गिद्ध लुप्त हो गए हैं।"

### अमरनाथ यात्रा में जम्मू के सरस्वती धाम में टिकट काउंटर शुरू

**जम्मू, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से पहले जम्मू के सरस्वती धाम में टिकट काउंटरों की औपचारिक शुरुआत की गई है। सरस्वती धाम में इस साल कुल 12 टिकट काउंटर शुरू किए गए हैं, जिनमें 6 काउंटर



पहलगाम रूट के लिए और 6 काउंटर बालटाल रूट के लिए निर्धारित किए गए हैं। दोनों रूटों के लिए हर दिन एक-एक हजार टिकट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए वॉटरप्रूफ वेटिंग रूम की भी व्यवस्था की गई है, ताकि बारिश या खराब मौसम की स्थिति में उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। जम्मू साउथ, एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि टिकट काउंटर के अलावा दो वेटिंग एरिया बनाए हैं, जिसमें एक पहलगाम और दूसरा बालटाल रूट पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाया है।

### गिरावट का दौर जारी, सोना 200 रुपये सस्ता, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार सातवें दिन सोने में गिरावट जारी रही। सोमवार को सोने का भाव 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 200 रुपये घटकर 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम



(सभी करों सहित) रह गई। स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसी के साथ सोने में लगातार सातवें दिन गिरावट जारी रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 150 रुपए घटकर 97,050 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 200 रुपये घटकर 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

### लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 452 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में पिछले चार दिनों की तेजी थम गई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। मजबूत घरेलू संकेतों के अभाव में निवेशकों ने मुनाफावसूली की। 30 शेयरों वाला



बीएसई सेंसेक्स 452.44 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,099.53 के उच्चतम स्तर और 83,482.13 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। वहीं, एनएसई निफ्टी 120.75 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। इसके विपरीत, व्यापक बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पीएसयू बैंकों ने बढ़त हासिल की और निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में 2.66 फीसदी की उछाल आई।

## साय कैबिनेट: किसानों, कर्मचारियों, उद्योगों और निवेश से जुड़े कई फैसलों को मंजूरी

# किसानों को मिलेगी दलहन-तिलहन में सहायता, बनेगा लॉजिस्टिक हब

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के किसानों, शासकीय कर्मियों, उद्योगों और निवेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। इन फैसलों का उद्देश्य राज्य की आर्थिक स्थिरता, कृषि विविधीकरण, अधोसंरचना विकास और निवेश को बढ़ावा देना है। कैबिनेट बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रेस वार्ता में जिन प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति मिली, उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री साव ने बताया कि बैठक में धान उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषक उन्नति योजना में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। अब खरीफ 2025 में धान की जगह दलहन, तिलहन या मक्का की फसल लेने वाले किसान भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे। खरीफ 2024 में पंजीकृत किसान जिन्होंने धान की खेती की और समर्थन मूल्य पर बिक्री की थी, वे यदि आगामी सीजन में फसल चक्र परिवर्तन करते हैं, तो उन्हें आदान सहायता राशि दी जाएगी।



### राज्य को लॉजिस्टिक हब बनाने की दिशा में लॉजिस्टिक नीति-2025 मंजूर

प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है।

- नीति के अंतर्गत ड्राय पोर्ट, इनलैंड कंटेनर डिपो की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- भंडारण क्षमता बढ़ेगी, जिससे उद्योगों और किसानों को सस्ती गोदाम सुविधाएं मिलेंगी।
- ई-कॉमर्स और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
- यह नीति स्थानीय उत्पादकों, स्वसहायता और वनोपज व्यापारियों के लिए निर्यात के अवसर सृजित करेगी।
- साथ ही राज्य के युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

### पेंशन भुगतान के बेहतर प्रबंधन हेतु 'छत्तीसगढ़ पेंशन फंड' का गठन

राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन भुगतान की वित्तीय जिम्मेदारियों के सुचारू संचालन के लिए छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन की मंजूरी दी है। इस हेतु छत्तीसगढ़ पेंशन फंड (प्रबंधन एवं विनियमन) विधेयक-2025 के प्रारूप को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की। इससे भविष्य में पेंशन भुगतान में वित्तीय संतुलन बना रहेगा और सरकार की राजकोषीय व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

### छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड

राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड के गठन को स्वीकृति दी। इससे राज्य की आय में असामान्य उतार-चढ़ाव का बेहतर प्रबंधन होगा और आर्थिक मंदी के समय राज्य को वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके लिए विधेयक-2025 के प्रारूप को भी मंजूरी दी गई।

### जर्जर भवनों और अनुपयोगी सरकारी भूमि के रिडेवेलपमेंट को मंजूरी

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पुराने और जर्जर भवनों तथा अनुपयोगी सरकारी जमीनों के सुनियोजित पुनर्विकास हेतु 7 योजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें रायपुर के शांति नगर, बीटीआई, शंकर नगर, राजनांदगांव से कैलाश नगर, जगदलपुर से चांदनी चौक फेस-2, कांकेर से सिविल लाइन, महासमुंद से क्लब पारा, कोरबा से कटघोरा शामिल है। इन योजनाओं से शहरी अधोसंरचना का कायाकल्प होगा और भूमि का उत्पादक उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### पंजीयन विभाग में पदोन्नति नियम में एक बार के लिए राहत

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में कार्यरत उच्च श्रेणी पंजीयन लिपिक/रिकॉर्ड कीपरों को उप पंजीयक पद पर पदोन्नति देने के लिए आवश्यक 5 वर्ष की सेवा अवधि को एक बार के लिए घटाकर 2 वर्ष किया गया है। यह निर्णय लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों के हित में लिया गया है।

### जन विश्वास विधेयक: अनावश्यक अपराधों को किया जाएगा गैर-अपराध घोषित

सरकार ने छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप को मंजूरी दी है। इसके तहत कुछ राज्य कानूनों के अपराध प्रावधानों को गैर-अपराधीकरण की दिशा में बदला जाएगा। इसका उद्देश्य व्यापारिक और नागरिक जीवन में सहजता लाना है। इससे अनावश्यक मुकदमेबाजी और व्यय में कमी आएगी।




**विजय मत, रायपुर।** मुख्यमंत्री निवास में सोमवार को केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। इस इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया।

## अमिताभ जैन बने रहेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, कार्यकाल तीन माह बढ़ा

**विजय मत, रायपुर**

अमिताभ जैन छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव बने रहेंगे। राज्य शासन ने सोमवार को इस बात का ऐलान कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया के जरिए दिया। अमिताभ जैन 30 जून 2025 को रिटायर होने वाले थे। रिटायरमेंट के आखिरी दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने ये फैसला किया कि अमिताभ जैन को फिलहाल मुख्य सचिव के पद पर बनाए रखा जाए। विष्णु देव साय सरकार ने ये भी बड़ा फैसला किया कि अमिताभ जैन को अगले तीन महीने के लिए ये जिम्मेदारी दी गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कैबिनेट में हुए इस फैसले की जानकारी दी। बता दें कि अमिताभ जैन 30 नवंबर 2020 को छत्तीसगढ़ के 12वें मुख्य सचिव बनें। वह दुर्ग के रहने वाले हैं।



## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ 1200 पन्नों का चौथा चालान पेश

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ में 2000 करोड रुपए से अधिक के शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा पर शिकंजा और कसता जा रहा है। ईओडब्ल्यू ने कवासी लखमा के खिलाफ सोमवार को कोर्ट में 1200 पन्नों का चौथा चालान पेश किया है। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा वर्तमान में रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद है। इसके पहले ईओडब्ल्यू ने तीन चालान कोर्ट में पहले ही पेश कर दिया था। सोमवार को ईओडब्ल्यू ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ चौथा चालान कोर्ट में पेश किया है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो जेल में बंद है और मामले की जांच जारी है। ईओडब्ल्यू के प्रेस नोट के मुताबिक, अब तक की जांच में घोटाले से 64 करोड़ रुपए की अवैध कमाई कवासी लखमा के हिस्से में आई है, जिसमें से 18 करोड़ रुपए की राशि से संबंधित निवेश और खर्च के दस्तावेजी साक्ष्य भी जांच एजेंसी को मिले हैं।

### कोर्ट में लखमा बोले- मैं खुद कोर्ट आना चाहता हूं, लेकिन मुझे बंदकर रखा जाता है

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री



कवासी लखमा ने न्यायालय से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि, उन्हें हर बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाता है, जबकि वे खुद कोर्ट में आकर सुनवाई में शामिल होना चाहते हैं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान लखमा ने जज से कहा कि, मैं पाकिस्तान का नहीं, भारतीय हूं। मेरे साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। मुझे बंद करके रखा जाता है। मैं खुद कोर्ट आना चाहता हूं। मुझे किसी प्रोटोकॉल या बड़ी गाड़ी की जरूरत नहीं। अगर मुझे यहां लाना चाहेंगे तो मैं बाइक पर भी बैठकर आ जाऊंगा।

## मप्र के 75 छात्रों के लिए दोबारा होगी नीट-यूजी परीक्षा: कोर्ट

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

इंदौर के 75 स्टूडेंट के लिए दोबारा नीट यूजी की परीक्षा कराई जाएगी। इंदौर हाईकोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को दोबारा परीक्षा कराने और जल्द रिजल्ट जारी करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता की रैंक केवल उसके फिर से होने वाली परीक्षा में मिले नंबरों के आधार पर ही मानी जाएगी। दरअसल, 4 मई को परीक्षा के दौरान इंदौर और उज्जैन के कई एग्जाम सेंटर की बिजली गुल हो गई थी। छात्रों ने अदालत से कहा था कि बिजली गुल होने से परीक्षा पर असर पड़ा। जिन छात्रों की परीक्षा दोबारा कराई जा रही है, उन्होंने 3 जून से पहले याचिका दाखिल की थी। यह परीक्षा केवल उन 75 छात्रों के लिए आयोजित की जाएगी, जिन्होंने 3 जून के पहले याचिका दायर की थी। पिछली सुनवाई के दौरान, हाईकोर्ट के जज ने कोर्ट रूम बिजली बंद कराकर परीक्षा पेपर पढ़ा था। जज ने ऐसा इसलिए किया ताकि उस वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगा सकें, जिसमें छात्रों को परीक्षा देनी पड़ी।



## हैदराबाद में केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाका, 13 की मौत, कई घायल

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के पटंचेरुवु इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक केमिकल फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। चश्मदीदों के मुताबिक धमाका इतना भयानक था कि आसपास की इमारतें हिल गई और फैक्ट्री की छत के परखच्चे उड़ गए। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 13 लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। दमकल विभाग, पुलिस, और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच चुकी हैं और मलबे में फंसे लोगों को निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सात जुलाई को रियो डि जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। मोदी दो जुलाई से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विदेश सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही उन्हें कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी अलंकृत किये जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दामू रवि ने कहा, प्रधानमंत्री 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 वर्षों के बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अभी-अभी भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। घाना के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक हैं। हमारे संबंधों के कई दशकों के दौरान, यह बहुआयामी रहा है।दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे।



### प्रयागराज की दलित लड़की को आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी

## केरल में ब्रेनवॉश कर नाबालिग का कराया धर्म परिवर्तन, 2 गिरफ्तार

**प्रयागराज, एजेंसी**

यूपी के प्रयागराज की नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अगवा किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया। फिर उसे जिहाद के नाम से ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीड़ित वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस नाबालिग को लेकर प्रयागराज आई। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ और उसकी साथी एक नाबालिग लड़की को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं। वहीं मामला आतंकी ट्रेनिंग से जुड़ा होने के कारण एटीएस की प्रयागराज यूनिट फूलपुर थाने पहुंची। एटीएस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।




## संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस विरोध करेगी: खरगे

**बंगलूरू, एजेंसी**

आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने बीते दिनों संविधान की प्रस्तावना से समाजिकता और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाने की बात कही।

होसबाले के इस बयान के बाद देश में सियासी गर्माहट तेज होती दिख रही है। ऐसे में अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस उसकी कड़ी विरोधी होगी और वह अंतिम दम तक लड़ाई करेगी। बंगलूरू में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे होसबाले को मनुस्मृति का समर्थक बताया।

उन्होंने कहा कि वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते।



# मप्र में पीएचई मंत्री संपतिया उईके पर एक हजार करोड़ की रिश्वत के आरोप

## PMO के आदेश पर पीएचई विभाग ने खुद ही शुरू की जांच

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) मंत्री संपतिया उईके पर जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों में 1,000 करोड़ रुपये के कथित कमीशन लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले में खुद पीएचई विभाग ने मंत्री के खिलाफ आंतरिक जांच शुरू कर दी है। विभाग के प्रमुख अभियंता (ईएनसी) संजय अंधवान ने प्रधानमंत्री को भेजी गई शिकायत और केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के आधार पर जांच के आदेश जारी किए हैं। प्रमुख अभियंता कार्यालय ने प्रदेश के सभी मुख्य अभियंताओं और मप्र जल निगम के परियोजना निदेशकों को पत्र भेजकर सात दिन में रिपोर्ट मांगी है। केंद्र सरकार की ओर से जल जीवन मिशन के लिए मध्यप्रदेश को दिए गए 30,000 करोड़ रुपये के व्यय की व्यापक जांच के आदेश भी इस पत्र में शामिल हैं। साथ ही मंत्री उईके और मंडला जिले के कार्यपालन यंत्री, जिन पर मंत्री के लिए कथित रूप से कमीशन एकत्र करने का आरोप है, उनकी संपत्तियों की भी जांच की जाएगी। सोमवार शाम को विभाग की ओर से जारी बयान में प्रमुख अभियंता अंधवान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



**विजय मत एंकर** — बहुपयोगी और सर्वप्रिय मूंग दाल केवल स्वाद में ही नहीं, औषधीय गुणों में भी समृद्ध

# मूंग दाल: आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर 'दालों का राजा'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रसोई की बहुपयोगी और सर्वप्रिय मूंग दाल केवल स्वाद में ही नहीं, बल्कि पोषण और औषधीय गुणों में भी समृद्ध है। आयुर्वेद इसे त्रिदोष नाशक और सर्वगुण संपन्न आहार मानता है। यही कारण है कि इसे अक्सर दालों का राजा भी कहा जाता है।

मूंग दाल प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड जैसे पोषक तत्वों का प्रमुख स्रोत है। यह न केवल शरीर को ऊर्जा देती है, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करती है। आयुर्वेदाचार्य प्रमोद तिवारी बताते हैं कि मूंग दाल पाचन में हल्की और सुपाच्य होती है, इसलिए यह बच्चों, बुजुर्गों और रोगियों के लिए भी उपयुक्त है। इसके सेवन से गैस, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।



### मधुमेह और हृदय रोग में लाभकारी

मूंग दाल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह मधुमेह रोगियों के लिए आदर्श भोजन बनती है। इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर वजन प्रबंधन में मदद करते हैं, क्योंकि इससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती। इसके अलावा, मूंग दाल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने में भी सहायक है, जिससे हृदय की सेहत बेहतर होती है।

### त्वचा, बाल और हड्डियों के लिए भी लाभदायक

मूंग दाल शरीर को डिटॉक्स करने का कार्य भी करती है। यह रक्त को शुद्ध कर त्वचा में निखार लाती है। इसका फेस पैक त्वचा को चमकदार बनाता है और बालों की मजबूती बढ़ाता है। मूंग में मौजूद कैल्शियम और मैग्नीशियम हड्डियों को मजबूत करते हैं, जबकि फोलिक एसिड गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशु के लिए उपयोगी है। एक शोध के अनुसार, मूंग दाल में मौजूद एंजियोटेंसिन एंजाइम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करते हैं और फंगल इंफेक्शन से बचाव में मदद करते हैं। इसमें पाया जाने वाला ट्रिप्सिन एंजाइम पाचन क्रिया को सुधारता है।

कलेक्टर जनदर्शन में मिले 35 आवेदन

# पुराना स्कूल हुआ बंद, बेटी को आरटीई के तहत दूसरे स्कूल में दाखिले की मांग

**विजय मत, धमतरी**

धमतरी निवासी पूजा नाग ने आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से अपनी बेटी का दाखिला आरटीई के तहत प्रयवेट स्कूल मे कराने संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी मानवी नाग नर्सरी की कक्षा में गुरूनानक स्कूल में पढ़ रही थी। अब वह स्कूल बंद हो चुका है। पूजा नाग ने अपनी बेटी की आगे की पढ़ाई के लिए आरटीई के तहत दूसरे प्रायवेट स्कूल में दाखिला कराने की मांग कलेक्टर के सामने रखी।



कलेक्टर मिश्रा ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुरूद विकासखण्ड के दर्रा में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों द्वारा शाला विकास समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के प्रति अभद्र व्यवहार की शिकायत भी कलेक्टर से की गई है। कलेक्टर ने इस पर जांच कर जिला शिक्षा अधिकारी को तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। आज के कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न समस्या, शिकायत और मांग संबंधी कुल 35 आवेदन मिले।

जनदर्शन में मगरलोड तहसील के ग्राम धौराभाठा के रामप्रसाद देवदास ने कलेक्टर मिश्रा से मिलकर बताया कि उनका मकान अत्यंत जर्जर हो चुका है और बारिश सें मकान के टूटने का डर बना रहता है। देवदास ने पक्का मकान बनाने के लिए सहायता राशि की मांग की। कलेक्टर जनदर्शन में माकरदोना ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने प्रधानमंत्री आवास आबंटन में गड़बड़ी को लेकर कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाई। ग्राम विकास समिति द्वारा सरपंच के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में उल्लेख किया गया कि किसी और व्यक्ति के नाम से स्वीकृत आवास को उसकी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति को दिया गया है। आवेदन में यह भी बताया गया कि गांव के निवासी सोनाबाई को आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी मृत्यु लगभग 3 माह पहले हो चुकी है।

सोनाबाई की कोई संतान नहीं थी और उन्होंने अपने स्वयं के घर को आंगनबाड़ी बनाने के लिए लिखित रूप में माकरदोना ग्राम पंचायत को दे दिया था। आवेदन में जानकारी दी गई कि आवास प्लस सूची में नाम होने के कारण रोजगार सहायक और आवास मित्र द्वारा सोनाबाई के नाम का आवास किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है।

## मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव का हुआ ऐलान

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर के संचालन को लेकर जल्द 20 जुलाई को चुनाव होना हैं. मंदिर का संचालन ट्रस्ट समिति द्वारा किया जाता है. जिसका चुनाव हर 3 वर्ष में होता है. ट्रस्ट के चुनाव प्रक्रिया का ऐलान किया गया है. अब मंदिर ट्रस्ट के लिए. 1 जुलाई प्रारंभिक प्रकाशन, 2 जुलाई दावा आपत्ति, 4 जुलाई अंतिम प्रकाशन, 20 जुलाई को मतदान किया जाएगा. वहीं मतगणना 21 जुलाई को संपन्न होगी. मतदान के तारीख के ऐलान के बाद अब मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्य किया जायगा। क्या है मंदीर ट्रस्ट के चुनाव की प्रकिया:- मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के चुनाव में मुख्यतः दो पैनलों के बीच चुनाव होता है, जिसमें एक पैनल को . वहीं बात की जाए सदस्यों कि तो मंदिर ट्रस्ट में सदस्यों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

# मेंहंदी, रंगोली और चित्रकारी से जनजातीय समाज को जागरूक किया रहा है

### कला के माध्यम से सामाजिक संदेश

**विजय मत, कोरिया**

कोरिया जिले में इन दिनों धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर जनजातीय समाज में उत्साह और सक्रियता का माहौल है। 15 जून से प्रारंभ हुआ यह अभियान, कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देश और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय को शासन की प्रमुख योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। जिले के 154 गांवों में विशेष शिविरों के माध्यम से 17 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ लोगों को प्रदान किया जा रहा है। अभियान की सबसे खास बात यह है कि जनजातीय युवा मेंहदी, रंगोली और दीवार चित्रकारी जैसे पारंपरिक माध्यमों से समाज में जागरूकता फैला रही हैं। सोनहत और बैकुंठपुर विकासखंडों के गांवों में महिलाएं घर-घर जाकर सजावट के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी भी दे रही हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी प्रचार कर रहे हैं। एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया जा रहा है। यह दृश्य न केवल मन को भाता है, बल्कि समाज को एकजुटता और सशक्तिकरण की ओर प्रेरित भी करता है।



### शिविरों में मिल रही ये सुविधाएं

कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने जानकारी दी कि शिविरों के माध्यम से बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र, बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोलना, युवाओं के लिए मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, सरकारी योजनाओं की ऑन-द-स्पॉट जानकारी और सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सार समाचार

### विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव जिले के प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**राजनांदगांव/विजय मत।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव एवं भूमि-पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम परमालकसा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। कार द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर भास्कर न्यूज चैनल द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होगे।

### माध्यमिक शाला रुवाड का भवन जर्जर स्थिति में, छात्रों की सुरक्षा और भविष्य खतरे

**छुरा/विजय मत।** गरियाबंद जिला विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रुवाढ में स्कूल की स्थिति काफी दयनीय हो गई है जहां 15 जून से स्कूल प्रारंभ हुआ है वही माध्यमिक शाला भवनों की स्थिति जर्जर एवं टूटा फूटा स्थिती है जहां बच्चे पढ़ने को मजबूर हो गए है वहीं जनप्रतिनिधियों का कहना है की बरसात के दिनों में काफी समस्याएं उत्पन्न होती है जिसको देखते हुए प्रशासन बच्चों के लिए पढ़ने की उचित व्यवस्था करे ताकि अध्ययन करने में समस्याओं का सामना न करना पड़े। माध्यमिक शाला भवन की जर्जर स्थिति से छात्रों का भविष्य खतरे में पढ़ गई है। आदिवासी विकासखंड छुरा के माध्यमिक शाला रुवाड का भवन जर्जर स्थिति में है, जिससे छात्रों की सुरक्षा और भविष्य खतरे में है। भवन की दीवारें टूट रही हैं, छत से पानी टपक रहा है और बुनियादी सुविधाओं की कमी है।साक्षात्कार छात्रों का कहना है कि वे भवन की जर्जर स्थिति के कारण पढ़ाई में परेशानी का सामना कर रहे हैं।शिक्षकों का कहना है कि वे छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।वहीं पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा शासन से मांग किया गया है कि शाला भवन के सुधार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। सरकार इस मामले में ध्यान देगी और शाला भवन का सुधार होगा।

### हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है यही सिखाता है शतरंज : देवांगन

**खैरागढ़/विजय मत।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल, खैरागढ़ के प्रांगण में रविवार को केसीजी जिला सीनियर पुरुष-महिला शतरंज चैम्पियनशिप 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे उद्घाटन के साथ शुरू हुई प्रतियोगिता में 10:30 बजे से मुकाबलों का रोमांच शुरू हो गया, और शाम 4:30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा किया गया, जो छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त है। आयोजन में विवेकानंद पब्लिक स्कूल का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और धैर्य का परिचय देते हुए भाग लिया। आयोजकों ने साफ तौर पर बताया कि केवल केसीजी जिले के मूल निवासी ही भाग ले सकते हैं, जिसके लिए आधार कार्ड अथवा निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य था।

### तोषेन्द्र कुमार साहू छत्तीसगढ़ युवा कला रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

**बालोद/विजय मत।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रमतला में स्थित डा.जेठू राम साहू रिसोर्ट में बिलासपुर मीडिया द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम चला। जो 28 जून को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और 29 जून 2025 को विजेताओं का सम्मान और साथ में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान भी किया गया। तोषेन्द्र कुमार साहू ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु ₹छत्तीसगढ़ युवा कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

# धर्मांतरण को लेकर जिले के अंदर तेज करेंगे आंदोलन

**विजय मत, बालोद**

विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला की बैठक आज शहर के कला केंद्र भवन में सम्पन्न हुआ। बैठक में राजनांदगांव विभाग के संगठन मंत्री कन्हैया लाल कुंदन,विभाग मंत्री अरुण गुप्ता,विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे जिला अध्यक्ष विहिप बालोद बलराम गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



सर्वप्रथम भारतमाता की पूजा अर्चना व विजय महामंत्र के साथ बैठक की शुरूआत किया गया इस बैठक में आगामी संगठन की कार्ययोजना के संबध में चर्चा की गई वही कार्ययोजना बनाया गया संगठन मंत्री कन्हैया कुंदन ने बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के द्वारा राजनांदगांव में 4,5,व 6 जुलाई को विहिप व बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है। जिसमे विभाग के तीन जिले राजनांदगांव,बालोद व मोहला मानपुर के जिला व प्रखंड के कार्यकर्ता शामिल होंगे जिसकी तैयारी करने को कहा प्रशिक्षण क्यों जरूरी है। इसकी जानकारी दी विभाग मंत्री ने सभी कार्यकताओं का आव्हान किया व कहा कि धर्म समाज की मजबूती ले लिए समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए काम करना होगा खासकर युवाओं को आगे आना होगा बलराम गुप्ता ने जिले में संगठन के द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में धर्म समाज को कमजोर करने की कोशिश कुछ लोग कर रहे है। जिसमे मतांतरण बड़ा मसला है। लेकिन हिन्दू धर्मसेवक लगातार ऐसे लोगो को जवाब दे रहे है। व जिले में हिन्दू धर्म समाज मे जागरूकता बड़ा है। लोग अब धर्मांतरण व लव जिहाद गौ तस्करी रोकने के मामलों पर सामने आ रहे है। हीरापुर व सनोद में मतांतरण पर हुई कार्यवाही पर भी बैठक में चर्चा की गई व सनोद के ग्रामीणों से बात हुई।

# खाद उपलब्ध नहीं होने के चलते धरना प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### डौंडीलोहारा ब्लॉक सेवा सहकारी समितियो में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**विजय मत, बालोद**

सरकारी समितियों में रासायनिक खाद एवं बीज की समस्या को लेकर डौंडीलोहारा ब्लॉक के सेवा सहकारी समितियों में कांग्रेसियों ने विधायक की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम डौंडीलोहारा नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और और जल्द से जल्द खाद और बीज उपलब्ध करने का निवेदन किया।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा के प्रवक्ता दामेश्वर देशमुख ने बताया कि किसान अब खरीफ फसल की बुवाई/ कृषि कार्य की तैयारी प्रारंभ कर रहे हैं सरकार द्वारा किसानों को खाद बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किया जाना था किंतु सहकारी समितियां में किसानों को खाद बीज की अनुपलब्धता से परेशानियों का सामना करना पड़ा है। सरकार जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही हैं न समय पर खाद की व्यवस्था कर पा रहे हैं न सोसाइटी में भंडारण की व्यवस्था हुई है खरीफ फसल की बोनी का समय आ चुका है किसानों को न खाद मिल रहा है न बीज। प्रदेश में निजी दुकानों में तो खाद मिल रही है, लेकिन सरकारी सोसाइटियों में किसानों को खाद नहीं मिल रही, जिससे किसान काफी परेशान हैं.डीएपी अन्य खाद बीज के लिए किसान सोसाइटियों के चक्कर काट रहे हैं.। खाद बीज की अनुपलब्धता को लेकर किसानों में होने वाली समस्या को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा ब्लॉक के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुधली में 30 जून दिन सोमवार को धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम डौंडीलोहारा नायब तहसीलदार रमेश मंडावी को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए कहा ताकि किस को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस धरना प्रदर्शन में डौंडीलोहारा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया, भोलाराम देशमुख पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी बालोद, गंगाराम देशमुख पूर्व अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सरकारी समिति दुधली, दामेश्वर देशमुख, किशन राणा सहित कांग्रेसी व क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# बरसात से पहले गंडई नगर में विद्युत पोलों की मरम्मत शुरू

### स्काई लिफ्ट की मदद से चल रहा कार्य

**विजय मत, पंडरिया**

नगर पंचायत गंडई के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद से कराए गए विद्युत पोल विस्तार कार्य के अंतर्गत लगाए गए लाइट पोलों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नगर में बीते वर्ष दो चरणों में विद्युत पोल लगाए गए थे – पहले चरण में 51 लाख रुपये और दूसरे चरण में 64 लाख 78 हजार रुपये की लागत से यह कार्य हुआ था।



हालांकि, लगभग एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद इन पोलों की लाइटें बड़ी संख्या में खराब हो गई थीं। कहीं लाइटें पूरी तरह बंद थीं तो कहीं लगातार बंद और चालू होती रही, जिससे नागरिकों को खासकर रात के समय भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कवर्धा रोड जैसे मुख्य मार्गों पर लगे पोल भी लंबे समय से बंद होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। नगरवासियों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत ने कवर्धा नगर पालिका से स्काई लिफ्ट मंगवाकर विद्युत पोलों की मरम्मत कार्य शुरू किया है। स्काई लिफ्ट की सहायता से उन पोलों की खराब लाइटें उतारी जा रही हैं और मरम्मत योग्य लाइटों को सुधारकर पुनः लगाया जा रहा है। वहीं जिन लाइटों की हालत ठीक नहीं है, उन्हें पूरी तरह बदलकर नई लाइटें लगाई जा रही हैं। नगर पंचायत गंडई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अविनाश देवांगन ने बताया कि नगर में लगाए गए विद्युत पोलों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है ताकि बरसात और ठंड के मौसम में लोगों को रोशनी की समस्या न हो और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि निकाय भविष्य में नियमित रूप से विद्युत उपकरणों की निगरानी करेगा ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगरवासियों ने मरम्मत कार्य शुरू होने पर राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि नगर में फिर से रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी।

## पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर दम्पत्ति से 10 लाख की ठगी

**भिलाई नगर।** ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति अवेयरनेस के बीच शातिर ठग रोज नए नए तरीकों से ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के प्रति अभी लोग जागरूक हो रहे हैं और इस बीच पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर ठगी की जा रही है। ताजा मामले में रिसाली की एक दंपति इस प्रकार पार्ट टाइम जॉब के झांसे में आकर 10 लाख से ज्यादा की रकम ठगों को दे बैठा। जानकारी के मुताबिक टेलीग्राम अकाउंट में आए मैसेज से इनके रुपए लुट गए। इस मामले में साइबर थाना दुर्ग रेंज में शिकायत की गई है। इस मामले में साइबर थाना दुर्ग रेंज द्वारा धारा 66 डी-आईएनएफ, 318 (4) बीएनएस, 336 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जॉब ऑफर के नाम पर ठगी यह घटना मैत्री नगर रिसाली निवासी स्वराज बेनर्जी व उसकी पत्नी प्रिया बेनर्जी के साथ हुई है। स्वराज बेनर्जी ने इस संबंध में शिकायत करते हुए बताया कि 25 जून को उसकी पत्नी प्रिया बेनर्जी के टेलीग्राम आईडी पर विधि शर्मा की आईडी से पार्ट टाइम जाब का मैसेज आया। इसमें कहा गया कि जिसमें यूट्यूब का लिंक भेजेंगे, वीडियो देखकर लाइक एवं कमेंट कर उसका स्क्रीन शॉट लेकर एक अन्य टेलीग्राम आईडी जेमिनी रिसेप्शन-2 में भेजना है। ऐसा करने पर विधि शर्मा आईडी से सैलरी कोड एजी 4506 दिया। उक्त सैलरी कोड को बेनर्जी दम्पत्ति ने जेमिनी रिसेप्शन-2 आईडी में भेजे। उसके बाद जेमिनी रिसेप्शन-2 आईडी में हमें काम समझाया गया एवं मेरे युपीआई आईडी में 150 रुपए मिल गए। इस तरह से विश्वास में लेकर हमें बताया गया कि पूरे 32 टास्क पूरे करने हैं। इसके बाद एक टेलीग्राम आईडी में हमें एक लिंक भेजा गया।

# युक्तियुक्त करण से उपजी समस्या के चलते एक और स्कूल में तालाबंदी की नौबत



**विजय मत, बालोद**

युक्तियुक्तकरण से कई स्कूलों में समस्या आने लगी है। इस मामले में अधिकारियों द्वारा सही तरीके से मापदंड नहीं अपनाने के आरोप लग रहे हैं। स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित है। कई स्कूलों में ताले लगे हैं, वहीं चिरचारी स्कूल में ताला लगने की नौबत आ गई है। ग्रामीणों ने शीघ्र शिक्षक की मांग को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरुर को ज्ञापन सौंपा है।

शासकीय प्राथमिक शाला चिरचारी के लोगों ने वि.खं. शिक्षा अधिकारी, कार्यालय गुरूर जिला बालोद से मुलाकात कर स्कूल में शिक्षको की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला चिरचारी में युक्तियुक्तकरण के तहत तीन शिक्षकों को अन्यत्र शाला में पदस्थापना कर दी गई है। जिसके विरोध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरूर, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, कलेक्टर बालोद को पूर्व में पदस्थ शिक्षकों की मांग हेतु आवेदन दिया गया है। परंतु आज पर्यंत इस पर कोई कार्यवाही नही की गई है।

जिससे समस्त पालकगण एवं समस्त ग्रामवासी उपरोक्त विषय में कोई कार्यवाही नही होने के कारण अपने बच्चों को मांग पूरी होने तक शाला नही भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी दी है। ईश्वरी, मंजू सिहारे, योगिता भुआर्य, बुधन, ललीताबाई, नेमीन आदि ने ज्ञापन सौंपा है।

टीबी उन्मूलन की ओर बढ़ता कबीरधाम, जनसहभागिता से मिल रही मुहिम को गति

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कवर्धा विकासखंड के मरीजों को मिला पोषण का साथ

**विजय मत, कवर्धा**

टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कबीरधाम जिले में एक मानवीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा की अगुवाई में 'निक्षय मित्र' योजना को जनसहभागिता का संबल मिल रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री वर्मा ने आज कवर्धा विकासखंड के चार टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीन युक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया, जिससे उनके उपचार को गति मिलेगी और स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि



निक्षय मित्र योजना स्वास्थ्य सेवाओं में सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। टीबी के इलाज में दवा के साथ-साथ पोषण अत्यंत आवश्यक है और समाज से मिलने वाला यह सहयोग मरीजों को शारीरिक एवं मानसिक विकास में लिए सहयोग भी होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप टीबी मुक्त भारत अभियान को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ₹निक्षय मित्र₹ योजना के अंतर्गत समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, व्यवसायी, संस्था अथवा संगठन को यह अवसर दिया गया है कि वे टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं और उन्हें इलाज के साथ-साथ पोषण का भी सहारा दें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ₹टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ संतुलित पोषण मिलेगा, तो उनके जल्द स्वस्थ होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में यह लक्षण दिखें तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर बलगम की जांच करानी चाहिए।

### कलेक्टर ने चार टीबी मरीजो को उनके उचित उपचार के लिए गोद लिया

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वयं निक्षय मित्र₹ बनकर कवर्धा विकासखंड के चार मरीजसुशीला भारती, टिकेश्वर साहू, सेखु साहू और गनेशिया धुर्वे को गोद लिया तथा उन्हें पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की। इस पहल में जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग श्रीमती अनुपमा तिवारी की भी सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में निक्षय मित्र अभियान को गति दी जा रही है और अब तक अनेक स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों द्वारा मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। टीबी एक संक्रामक रोग है, जो लापरवाही और कमजोरी की स्थिति में तेजी से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी आना, भूख कम लगना, लगातार वजन घटना, शाम को बुखार आना और सीने में दर्द शामिल हैं।

# राजधानी में ड्रंक एंड ड्राइव पर पुलिस की सख्ती: 10 वाहन चालक पकड़ाए

## सभी के लाइसेंस निलंबित होंगे



विजय मत, रायपुर

नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ रायपुर पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। शनिवार और रविवार की रात शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाए गए चेकिंग अभियान में ड्रंक एंड ड्राइव के तहत 10 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। सभी मामलों में चालान काटकर प्रकरण न्यायालय भेजा गया है, साथ ही संबंधित चालकों के लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में श्रीराम मंदिर चौक, फुंडहर चौक और तेलीबांधा थाना चौक पर रात 11 बजे से 2 बजे तक बेरिकेटिंग कर विशेष जांच अभियान चलाया गया।

***अब तक 860 पर कार्रवाई, भारी जुमार्ना:*** रायपुर पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में अब तक 860 ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इन मामलों में वाहनों को जब्त कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां ?10,000 से ?15,000 तक का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है।

***पुलिस की अपील:*** यातायात पुलिस रायपुर ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशे की हालत में वाहन न चलाएं, क्योंकि यह न सिर्फ खुद की बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरनाक है। ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख़्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# राज्य स्तर पर दसवीं में चौथा, बारहवीं में दूसरा स्थान प्राप्त कर रचा कीर्तिमान



रायपुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कोरिया जिला एक बार फिर पूरे छत्तीसगढ़ में अग्रणी बनकर उभरा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों को आज शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह गरिमामयी सम्मान समारोह बैकुंठपुर स्थित जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षकगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कोरिया जिले ने वर्ष 2024-25 की दसवीं बोर्ड परीक्षा में राज्य में चौथा स्थान और बारहवीं परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया है। जिले का दसवीं का परिणाम 92.33% और बारहवीं का परिणाम 92.42% रहा, जो कि राज्य के औसत परीक्षा परिणाम दसवीं में 76% और बारहवीं में 81% से काफी बेहतर है। पिछली वर्ष की तुलना में यह एक उल्लेखनीय प्रगति है, जहां वर्ष 2023-24 में दसवीं में नवां और बारहवीं में सातवां स्थान मिला था, वहीं इस वर्ष यह स्थान ऊंचे स्तर पर पहुंचा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की सतत निगरानी और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि मिशन 100 के अंतर्गत परीक्षा से पहले कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं चलाई गईं और ऑनलाइन शिक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण के साथ क्यू आर कोड आधारित डिजिटल एक्सेस भी छात्रों को उपलब्ध कराया गया।

कलेक्टर श्री त्रिपाठी ने कहा कि हमारा लक्ष्य आने वाले वर्षों में जिले को राज्य में सर्वोच्च स्थान दिलाना है। कोरिया जिला अब शिक्षा की दृष्टि से प्रेरणा बनेगा और शिक्षक-छात्र-पालक की तिकड़ी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी। सम्मान समारोह में सोनहत और बैकुंठपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक व पालक पहुंचे और बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर/विजय मत** । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्य में कोयला खनन एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राज्य में कोयला उत्पादन, खनन कार्यों की प्रगति, श्रमिकों से जुड़ी सुविधाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में कोयला एवं ऊर्जा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को साकार करने में सहायता मिलेगी। श्री साय ने इस दौरान सीएसआर मद की राशि का उपयोग अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्यों में करने के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

मंत्री रामविचार नेताम ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की सौजन्य मुलाकात

# बलरामपुर शहर में 10 किलोमीटर फोरलेन बायपास मार्ग बनाने दिया प्रस्ताव

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विकास एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने आज नागपुर, महाराष्ट्र में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। मंत्री श्री नेताम ने इस दौरान बताया कि निमार्णाधीन अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक-343 में कॉरीडोर योजना के लिए 397.44 करोड़ रुपये एवं 199.05 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

मंत्री श्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री श्री गड़करी से आग्रह करते हुए कहा कि यह मार्ग अम्बिकापुर से रामानुजगंज होते हुए झारखण्ड को जोड़ने वाला अंतर्राज्यीय मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से यात्री बसें, व्यावसायिक वाहन एवं आमजनों के आवागमन अधिक होने के साथ-साथ अति विशिष्टजनों का आवागमन भी होता है। इसी मार्ग पर बलरामपुर शहरी भाग स्थित है, जो कि जिला मुख्यालय है, जिसके दोनों ओर व्यवसायिक एवं आवासीय बसाहट है। सभी छोटे अथवा भारी वाहनों का आवागमन वर्तमान में शहरी क्षेत्र से होने के कारण आये दिन माल वाहकों से जाम की स्थिति एवं दुर्घटनाएं होती रहती है।



मंत्री श्री नेताम ने बताया कि बलरामपुर शहरी क्षेत्र में आवागमन में होने वाली असुविधा को देखते हुए फोरलेन बायपास मार्ग अनुमानित लम्बाई 10 किलोमीटर की अत्यधिक आवश्यकता है। इसके निर्माण से आम नागरिकों के सुचारू आवागमन के साथ-साथ अन्तर्राज्यीय व्यवसाय एवं राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। मंत्री श्री नेताम ने केन्द्रीय मंत्री से बलरामपुर बायपास की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। इसके लिए जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के निवासी आपका हृदय से आभारी रहेंगे।

उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि भारत सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग भारत माला परियोजना के तहत दक्षिण छत्तीसगढ़ रायपुर से विशाखापट्टनम मार्ग का कार्य पूर्णता पर है। इससे प्रदेश के नागरिकों को सीधे दक्षिण भारत एवं महाराष्ट्र मुंबई की बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी तर्ज पर भारत माला परियोजना के तहत उत्तर छत्तीसगढ़ को जोड़ते हुए रायपुर-बिलासपुर-अम्बिकापुर से वाड्रफनगर होते हुए बनारस (वाराणसी) तक रोड के बन जाने से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नागरिकों को उत्तर दक्षिण एवं पूर्व पश्चिम के सभी महानगरों से बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त हो जाएगी। मंत्री श्री नेताम ने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकारी से रायपुर-बनारस (वाराणसी) मार्ग को भारत माला परियोजना के तहत शामिल कर स्वीकृति प्रदान करने का अग्राह किया।

# उपसंचालक आनंद प्रकाश सोलंकी को सेवानिवृत्ति पर दी गई गरिमामय विदाई

## मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में अनवरत 23 वर्षों तक उल्लेखनीय सेवाएं

विजय मत, रायपुर

जनसंपर्क विभाग में 31 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले उप संचालक श्री आनंद प्रकाश सोलंकी के सेवानिवृत्ति अवसर पर 30 जून सोमवार को जनसंपर्क संचालनालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर संचालक श्री जे एल दरियो, अपर संचालक श्री उमेश मिश्रा एवं अपर संचालक श्री संजीव तिवारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री सोलंकी की सेवा, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि श्री आनंद प्रकाश सोलंकी ने अपने सेवाकाल के 23 वर्ष तक मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए राज्य शासन की योजनाओं एवं नीतियों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उनके कार्यकुशलता ,निष्ठा और विश्वास का प्रमाण है। विभागीय अधिकारियों ने इस अवसर पर श्री सोलंकी के उज्ज्वल



भविष्य और सुदीर्घ स्वस्थ्य जीवन की कामना की। अपर संचालक श्री उमेश मिश्रा एवं संयुक्त संचालक श्री बी.एम तंबोली ने कहा कि श्री सोलंकी का सरल व्यवहार, उनकी सौम्यता और कार्यशैली अनुकरणीय है। समारोह में उनके साथ कार्य कर चुके सहकर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री सोलंकी को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री आनंद प्रकाश सोलंकी ने इस मौके पर विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त मार्गदर्शन और सहकर्मियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग से ही वह अपने दायित्वों के निर्वहन में सफल रहे हैं।

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हाईस्कुल फुलकर्रा में संपन्न

# अपने उद्देश्य को लेकर मेहनत करें निश्चित ही सफलता मिलेगी

विजय मत, गरियाबंद

शा.उच्च.मा.वि. फुलकर्रा मे शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा मे प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक छात्र/छात्राओं को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर शाला मे प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे वहीं के छात्र रहे सोहन ध्रुव जो जनपद पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष के रुप मे आमंत्रित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये शाला के प्राचार्य ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, सोहन ध्रुव जो हमारे शिष्य थे आज शिक्षित होकर बड़े राजनितिक पद पर आसिन्न हो गये ऐसा ही अवसर हम सबके जीवन मे आना है। अपने उद्देश्य को लेकर मेहनत करें निश्चित ही सफलता मिलेगी। सोहन ध्रुव ने कहा कि सफलता पाने के लिये लक्ष्य जरुरी है। और लक्ष्य हासिल करने के लिये कड़ी मेहनत जरुरी है। शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिये नही जीवन जीने की कला सिखाती है। शिक्षा से ही हमारा भविष्य तय होता है।



नवमीं से बारहवीं तक बेहतर परिणाम के सांथ अच्छे अंक लाकर शाला परिवार और ग्राम पंचायत फुलकर्रा को गौरवान्वित करने वाले छात्र छात्राओं को बधाई देते हुये सरपंच चुड़ामणी दीवान ने कहा कि शिक्षा के लिये पढ़ाई जरुरी है, बच्चों की मानसिक विकास शिक्षा से ही संभव है। शिक्षित होकर वे आगे की अपने भविष्य गढ़ने के लिये तैयार होते हैं। विशिष्ट अतिथि के रुप मे उपस्थित फिरतुराम कंवर एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरिराम देवांगन ने सभी नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को बधाई देकर उनकी सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शिक्षा के लिये निरंतर अध्ययन करते रहने हेतु प्रेरित किया। सचिव कीर्तन साहू ने कहा कि शाला परिवार की ओर से आयोजित मोटिवेशन कार्यक्रम के कारण इस वर्ष बेहतर परिणाम रहा है, शाला परिवार के सभी स्टाफ को बधाई और उन सभी छात्र छात्राओं को बहुत बधाई, जिन्होने अपने माता पिता की सपने को साकार कर रहे हैं। इस वर्ष कक्षा बारहवीं का शत प्रतिशत परिणाम रहा है, जिसके लिये जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा यहां के प्राचर्य गौतम बिझेकर को सम्मानित किया गया। जो कि शाला परिवार और ग्राम पंचायत फुलकर्रा के लिये बहुत ही गौरव का पल रहा है। आगामी सत्र मे सभी कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत आये इसके लिये अभी से हम सब प्रयास करें।

कक्षा 10वीं का परिणाम 77.70% रहा जिसमे कु. डिगेश्वरी साहू फुलकर्रा- 88.16% के सांथ प्रथम स्थान प्राप्त किये, भावेश कुमार देवांगन फुलकर्रा - 86.83% लेकर द्वितीय स्थान एवं कु. चेतना दीवान फुलकर्रा - 81.16% तृतीय स्थान प्राप्त किये वहीं कक्षा बारहवी मे कुल 51 छात्र छात्रायें अध्ययनरत थे सभी ने अच्छा परिश्रम कर 100% उत्तीर्ण होकर शाला का नाम रौशन किया।

# संभागायुक्त महादेव कावरे ने तामेश्वर ध्रुव को पंचायत सचिव के पद पर बहाल किया

विजय मत, रायपुर

संभागायुक्त महादेव कावरे ने ग्राम पंचायत बेलर के सचिव तामेश्वर कुमार ध्रुव को बहाल कर दिया है गौरतलब है की श्री ध्रुव को जिला पंचायत रायपुर द्वारा 20 अक्टूबर 2021 को जारी आदेश में स्थानांतरण आदेश का पालन नहीं करने एवं अन्य अनियमितताओं के तहत बर्खास्त किया गया था।

श्री ध्रुव ने इस आदेश के विरुद्ध संभागायुक्त श्री कावरे के समक्ष अपील की थी इस प्रकरण में यह पाया गया कि अनुसूचित जनजाति कर्मचारी को सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश के तहत चेतावनी नहीं दी गई और ना ही सामान्य प्रशासन समिति से कोई प्रस्ताव पारित किया गया, आयुक्त रायपुर संभाग के द्वारा अपीलार्थी की अपील स्वीकार कर पद बहाल किया गया । श्री कावरे ने अपने आदेश छ.ग पंचायत राज अधिनियम के तहत बनाए गये छ.ग. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत विभागीय जाँच एवं दीर्घ शास्ति हेतु अपनाये जाने वाली प्रक्रिया का पालन नहीं किये जाने कारण मुख्य कार्यपालनाधिकारी जिला पंचायत रायपुर के 29 अक्टूबर 2021 के आदेश को निरस्त किया गया।

# राजनांदगांव जिले में अब तक 482.7 मिमी वर्षा दर्ज

विजय मत, राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 482.7 मिमी बारिश एवं औसत 69 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 64.6 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 10.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 149.6 मिमी, घुमका तहसील में 113 मिमी, छुरिया तहसील में 37 मिमी, कुमरदा तहसील में 54.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 53.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राजनांदगांव तहसील में सर्वाधिक वर्षा अब तक 149.6 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 146.6 मिमी।

# जिले के खिलाड़ियों ने 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते 14 पदक

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी शुभकामनाएं, खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

विजय मत, कवर्धा

21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक अर्जित किए हैं। इनमें 02 स्वर्ण, 04 रजत एवं 08 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर आज जिले के विजेता खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात की।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कबीरधाम जिले की यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे प्रदेश का भी मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के



लिए संकल्पित है, और भविष्य में भी सभी आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण व सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी ताकि राज्य के युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि इन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन की भावना अनुकरणीय है। हमें गर्व है कि कबीरधाम जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि वे इसी तरह मेहनत करते रहे, तो आने वाले वर्षों में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कबीरधाम और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर यह भी उल्लेखनीय रहा कि खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे आर्मी ग्रुप के कोच सुनील सरोज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को कठिन प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। खिलाड़ियों ने भी उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के सहयोग व प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही जिले में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण बना है। कोच श्री सुनील सरोज ने बताया कि कबीरधाम जिले में एथलेटिक्स के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं उभर रही हैं।

# रेलवे ने बढ़ाया किराया: अब दिल्ली जाने पर जेब से देने होंगे 23 रुपये ज्यादा

विजय मत, रायपुर

ट्रेन से दिल्ली या अन्य लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब ज्यादा किराया चुकाना पड़ेगा। 1 जुलाई से रेलवे ने 500 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेनों में किराया बढ़ा दिया है। यह बढ़ोतरी नॉन-एसी मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए प्रति किलोमीटर 1 पैसा और एसी क्लास के लिए 2 पैसे की हुई है। इसका सीधा असर यह होगा कि बिलासपुर या रायपुर से दिल्ली तक की यात्रा पर यात्रियों को अब 3 से 23 रुपये तक अतिरिक्त भुगतान करना होगा। रेलवे अफसरों का कहना है कि यह मामूली वृद्धि है और यात्रियों पर भारी आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।




500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा पर 5 रुपये और एसी यात्रा पर 10 रुपये का इजाफा होगा। 1000 किलोमीटर की दूरी पर नॉन-एसी में 15 रुपये, जबकि एसी में 20 रुपये ज्यादा देने होंगे।

***5 साल बाद फिर बढ़ा किराया*** रेलवे ने पिछली बार वर्ष 2020 में किराया बढ़ाया था। अब पांच साल बाद दोबारा यह संशोधन किया गया है।

***तत्काल टिकट के नियमों में भी बदलाव:*** 1 जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। अब IRCTC की वेबसाइट या एप से टिकट बुक करने के लिए आधार लिंक जरूरी होगा। इसके अलावा, 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के दौरान आधार बेस्ड OTP वेरिफिकेशन भी लागू होगा।

रेलवे अफसरों का कहना है कि ये बदलाव यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर किए गए हैं।

# हर मोर्चे पर विफल रही है भाजपा सरकार: धनेन्द्र साहू

विजय मत, गरियाबंद

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू सोमवार को गरियाबंद पहुँचे, जहाँ कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वे राजीव भवन (कांग्रेस कार्यालय) में आयोजित प्रेस वार्ता में शामिल हुए और विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। श्री साहू ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आगामी 7 जुलाई को रायपुर में एक विशाल जनसभा में शामिल होने आ रहे हैं।

यह सभा रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में ह्यकिसान, जवान, संविधान थीम पर आयोजित होगी। इसमें खड़गे के साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहेंगे। पूर्व मंत्री साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के कांग्रेस कार्यकताओं में नया जोश और ऊर्जा भरने का काम करेगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की साय सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और प्रदेश की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पूर्व मंत्री साहू ने कहा कि भाजपा की मौजूदा सरकार ने डेढ़ साल में 17 से अधिक जनकल्याणकारी योजनाएँ बंद कर दीं।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# चीन नहीं देश सर्वोपरि है भारत माता में हूँ नतमस्तक

शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक चीन के चिंगदाओ में 25-26 जून को आयोजित की गई थी।बैठक के दौरान एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकरोधी प्रयासों और रक्षा मंत्रालयों के बीच बढ़ते सहयोग जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। उन्होंने बैठक से अलग चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमापार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के लिये वित्त पोषण किसी भी कीमत पर बंद होना चाहिए।उन्होंने आतंकवाद, कट्टरता और चरमपंथ के विरूद्ध एकीकृत वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।इस बैठक में भारत के कुछ मुद्दों पर आम सहमति नहीं बन पाने के कारण साझा दस्तावेज को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।अतः वहाँ सब पाकिस्तान के मित्र देश थे जिससे सहमति नहीँ बनी चीन भारत का दोस्त नहीँ दुश्मन है क्योंकि वह ऑपरेशन सिंदूर मैं खुल कर पाकिस्तान क़ो घातक हथियार दिए और उस वजह से भारत क़ो नुकसान भी हुआ उन भारतीय सैनिक के दिल से पूछिए की पाकिस्तान अभी भी कश्मीर मैं आतंकवादी क़ो भेज रहा है और इन आतंकवादी क़ो चीन हीं हथियार भी दे रहा है इसलिए भारत क़ो वहीँ जाना चाहिए जहाँ चीन और पाकिस्तान ना हो ये दोनों एक हीं सिक्के के दो पहलू हैं अब हस्ताक्षर ना करना भी इस बात क़ो दर्शाता है कि आपकी नहीँ सुनी गई भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और 140 करोड़ देशवासियों का देश है और भारत किसी का गुलाम नही है कि वो सिखायेगा कि भारत क़ो क्या करना है भारत के सैनिको मैं जबरदस्त जोश है और किसी भी स्थिति से लड़ने क़ो तैयार है और टेक्नोलॉजी में भी किसी देश से कम नहीं है ये जो अमेरिका का बी -2 बमर है उसका डिज़ाइन भी भारतीय ने किया है ये अलग बात है टेक्नोलॉजी दूसरे देश क़ो देने के कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है

**प्रहलाद सबनानी**

कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुईं, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा। यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः ÷सोने की चिड़िया÷ बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है। एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है। इस भंडार के बाद गुयाना कच्चे तेल के उत्पादन के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है जबकि अभी गुयाना का विश्व में 17वां स्थान है।

वर्ष 1947 में प्राप्त हुई राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के लगभग 70 वर्षों तक भारत की समुद्री सीमा की क्षमता का उपयोग करने का गम्भीर प्रयास किया ही नहीं गया था। हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में किए गए प्रयास सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के भारी मात्रा में जो भंडार मिले हैं उनका अन्वेषण का कार्य समाप्त हो चुका है एवं अब ड्रिलिंग का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। ड्रिलिंग का कार्य समाप्त होने के बाद कच्चे तेल एवं गैस के भंडारण का सही आंकलन पूर्ण कर लिया जाएगा।



अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आधारभूत संरचना का विकास भी बहुत तेज गति से किया जा रहा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के समुद्रीय इलाकों से भी भारी मात्रा में कच्चा तेल निकाला जा रहा है तथा भारत का अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भी इंडोनेशिया से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसके कारण यह आंकलन किया जा रहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्रीय क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के अपार भंडार मौजूद हो सकते है। हर्ष का विषय यह भी है कि इस क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के साथ साथ अन्य दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल/मेटल) के भारी मात्रा में मिलने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। भारी मात्रा में मिलने जा रहे कच्चे तेल के चलते भारत अपनी परिष्करण क्षमता को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। चूंकि चीन ने कुछ दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों का भारत को निर्यात करना बंद कर दिया है अतः भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इन पदार्थों का मिलना भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबर है। पूर्व में भी भारत में कच्चे तेल एवं गैस के भंडार का पता चला था, जैसे बॉम्बे हाई, काकीनाड़ा, बलिया एवं समस्तिपुर, आदि। इन समस्त स्थानों पर कच्चे तेल को निकालने के संबंच में आवश्यक कार्य प्रारम्भ हो चुका है। दरअसल, इस कार्य में पूंजीगत खर्च बहुत अधिक मात्रा में होता है। जापान, रूस एवं अमेरिका से तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए इन देशों की बड़ी कम्पनियों के साथ करार करने के प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भारत का समुद्रीय क्षेत्र 5 लाख किलोमीटर का है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल के समुद्रीय इलाके में भी खोज जारी है एवं इस क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के भंडार मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अंडमान एवं निकोबार क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात आगामी लगभग 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल के आयात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

द्वितीय शुभ समाचार यह प्राप्त हुआ है कि भारत के कर्नाटक राज्य में कोलार क्षेत्र में स्थित अपनी सोने की खदानों में भारत एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के सम्बंध में विचार कर रहा है। कोलार गोल्ड फील्ड (चत्लस्र) को वर्ष 2001 में खनन की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। परंतु, अब 25 वर्ष पश्चात स्वर्ण की इन खदानों में खनन की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इस संदर्भ में कर्नाटक सरकार ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। आज पूरे विश्व में सोने की कीमतें आसमान छूते हुए दिखाई दे रही है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर इन देशों का विश्वास कुछ कम होता जा रहा है। बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में अमेरिकी डॉलर के बाद एक बार पुनः स्वर्ण मुद्राएं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के भुगतान का माध्यम बनें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है। भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है।

# ब्राह्मण : न राजा, न ज़मींदार फिर भी देश के सारे गुनहगार



**दीपक कुमार द्विवेदी**

> फिर वह भारत कैसे बना जिसकी अर्थव्यवस्था विश्व में पहले स्थान पर थी बस एक सवालज्क्या सच में ब्राह्मणों ने हमारे देश की ताकत और आत्मा को कुचला या कोई और उस जिम्मेदारी का अधिकारी था यदि 85 प्रतिशत आबादी शोषित और उत्पीड़ित थी, तो उस भारत ने आर्थिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक शिखर कैसे छुआ क्या कोई समाज स्थायी उत्पीड़न में रहकर आर्थिक महाशक्ति बन सकता है जब आप इतिहास की खोली खोलते हैं, तब पता चलता है 1000 ई तक हमारा देश विश्व की GDP का करीब 30-33 प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न करता था । मुगल काल में यह घटकर लगभग 24 प्रतिशत रह गया । आज के संदर्भ में देखा जाए तो, भारत वह सोने की चिड़िया था।

कई वर्षों से यह बात लगातार दोहराई जा रही है–कि भारत में कुछ जातियाँ सदियों तक शोषित रहीं, और उनके शोषण का कारण एक ही वर्ग था–ब्राह्मण। यह बात इतनी बार कही गई है कि अब यह तथ्य न सही, सत्य की जगह ले चुकी है।पर क्या किसी समाज को इस प्रकार एकतरफा आरोपों के आधार पर दोषी ठहराया जा सकता है क्या वास्तव में ब्राह्मण वह वर्ग था, जिसने भारत को सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से गिराया या यह एक राजनीतिक आख्यान है, जो सुनियोजित रूप से फैलाया गया क्या ब्राह्मणों ने शासन किया इतिहास साक्षी है–भारत पर राज करने वाले शासक राजपूत, यादव, मराठा, जाट, पाल, सेन, मौर्य, गुप्त, चोल, पल्लव, गोंड, भील, भूमिहार, कुर्मी, अहोम, बुंदेला, वर्मन, और यहाँ तक कि मुस्लिम वंशज रहे हैं। ब्राह्मण कभी शासक नहीं रहे। उन्होंने न भूमि पर कर वसूला, न सैन्य शासन चलाया, न व्यापार पर नियंत्रण रखा। ब्राह्मण का जीवन यज्ञ, वेदाध्ययन, शिक्षा, संयम और सेवा से जुड़ा रहा। मनुस्मृति में भी ब्राह्मण के लिए धन संचय वर्जित बताया गया है। वह तो अपने तप, विद्या और संयम से समाज में श्रद्धा अर्जित करता रहा। तो फिर प्रश्न उठता है–जिसने न सत्ता चलाई, न सम्पत्ति रखी, वह कैसे शोषक हो सकता है भारत की समृद्धि और पतन का कौन उत्तरदायी आज जब कहा जाता है कि भारत सदियों तक दलित, शोषित, पीड़ित समाज था, तो यह विचार एक और प्रश्न खड़ा करता है–



**और फिर अचानक यह आंकड़ा गायब हो गया–** जब अंग्रेज आए और स्थापित हुए, तो लगभग 200 वर्षों में यह गिरकर मात्र 4.2 प्रतिशत रह गया । ग्लोबल इंडस्ट्रियल आउटपुट में भारत का हिस्सा घट गया 25 प्रतिशत से मात्र 2 प्रतिशत तक । अब बताइए–यह रोजगार ब्राह्मणों ने छीना, या उपनिवेशवादियों ने और वह समाज, जो कभी 100 प्रतिशत रोज़गार की दशा में था, वही समाज 1947 आते-आते गरीबी, भुखमरी और परावलंबन में क्यों डूब गया पहले गाँवों में–लोहार, कुम्हार, बुनकर, वैद्य–हर जाति के हाथ में काम था। हैंडलूम व कुटीर उद्योगों की तरक्की का दौर था । लेकिन अंग्रेजों ने ब्रिटिश कपड़े हाथ से बने भारतीय उत्पादों की जगह थोपे–1830 के दशक तक मशीनों से बने कपड़ों ने कई कुम्हारों और बुनकरों की आजीविका छीन ली । 1813 की चार्टर ऐक्ट के बाद भारतीय वस्त्रों पर भारी शुल्क लग गया, वहीं ब्रिटिश वस्त्र बिना टैक्स डाले आयातित किए गए । परिणामस्वरूप, artisan वर्ग टूट गया–हाथ से बना माल बिकना बंद हुआ, और पूर्व में मजदूरों का हिस्सा कृषि में 18.2 प्रतिशत 11.2 प्रतिशत गिरा ।

**स्थूल आंकड़े भी भयावह हैं**–1901 से 1941 के बीच कृषि पर निर्भरता बढ़ी–63.7 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक, जबकि ग्रामीण कुटीर उद्योगों में मजदूरों की संख्या घट गई । अंग्रेजों के आने से पहले 32 प्रतिशत ग्रामीण वेतन और उत्पादन में योगदान था, लेकिन 1850 के बाद यह लगभग नदारद हो गया ।

**जिला–वार तबाही**–1770, 1870-78, 1897-1900 में भारत में अकाल आए, जिसमें क़रीब 30 मिलियन लोग मरे । 18वीं सदी में ही बंगाल में घरों के हाथ काटने की घटनाएँ हुईं–जिससे हम के बाद की पीड़ा का अंदाज़ा लगा सकते हैं । अब हम एक सवाल पूछते हैं–क्या ऐसी तबाही और बेरोजगारों की तबाही कोई ब्राह्मण व्यवस्था कर सकती है, या यह अंग्रेजों की डिवाइड और रूल नीति की देन थी।

ब्राह्मणों ने लंदन नहीं गए थे,
न उन्हें भारत में मशीनरी का ज्ञान था।
उनकी दुनिया वेदों, यज्ञों और गुरुकुलों की थी–
न फिल्मों की, न फैक्ट्री की।
और फिर यह सवाल–

**क्या ब्राह्मणवाद शब्द वेदों में था**–नहीं। यह 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियों ने मानव-धर्म भाषाओं में गढ़ा, और बाद में वामपंथियों ने इसे राजनीतिक और शैक्षिक हथियार बनाया । आज तो यह चलचित्रों में भी देखा जा सकता है–ब्राह्मण पात्र या तो मूर्ख, स्त्री-विरोधी, या दमनकारी दिखाए जाते हैं। क्या यह सिर्फ सोच का स्वतःस्फूर्त हिस्सा है, या यह कोई वैश्विक कल्चरल मार्क्सवादी प्रयोग है

ब्राह्मणवाद शब्द आया कहाँ से

अब एक और यथार्थ–यह जो ब्राह्मणवाद शब्द है, क्या यह वैदिक परंपरा का हिस्सा है नहीं।

यह शब्द 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियों द्वारा गढ़ा गया, जिन्होंने भारत में धर्मान्तरण हेतु ब्राह्मणों को सबसे बड़ा विरोध माना। बाद में वामपंथियों और मार्क्सवादियों ने इस शब्द को राजनीतिक औजार बना दिया। अब यह फिल्म, साहित्य, राजनीति और विश्वविद्यालयों में गहराई से बैठ गया है। फिल्मों में ब्राह्मण पात्र या तो ढोंगी होते हैं, या क्रूर। लिखित विमर्श में ब्राह्मण को दमनकारी, स्त्रीविरोधी, अन्यायकारी चित्रित किया जाता है।

क्या यह कोई संयोग है

या यह किसी वैश्विक रणनीति – Cultural Mar&ism – का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य धर्म, परंपरा, परिवार और समाज को तोड़ना है

जातिगत जनगणना–समाधान या विघटन

आज जातिगत जनगणना को न्याय का माध्यम बताया जा रहा है।

नारा दिया जा रहा है–जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

पर क्या संख्या ही न्याय है जब आँकड़े सामने आएंगे और राजनीति उनका प्रयोग करेगी–तो क्या जातियाँ संख्याबल के आधार पर एक-दूसरे से लड़ने नहीं लगेंगी क्या कोई समाज इस आधार पर चल सकता है कि किसकी संख्या कितनी है क्या इससे समाज में परस्पर द्वेष नहीं बढ़ेगा अमेरिका में Critical Race Theory के नाम पर यही किया गया–श्वेतों को शाश्वत अपराधी, अश्वेतों को शाश्वत पीड़ित बताया गया। आज वही मॉडल भारत में जातियों पर थोपने का प्रयास हो रहा है। क्या कोई जाति शाश्वत अपराधी हो सकती है ब्राह्मणों ने वेद लिखे, उपनिषदों की रचना की, समाज को धर्म और नीति दी, योग और आयुर्वेद का विकास किया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# आदिवासी अधिकारों व न्याय संघर्ष के लिए एक प्रेरणा है हूल विद्रोह

**कुमार कृष्णन**

संथाल विद्रोह या हूल विद्रोह ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था के विरुद्ध प्रथम व्यापक सशस्त्र विद्रोह था जो ब्रिटिश शासन काल में जमींदारों तथा साहूकारों द्वारा किये जाने वाले अत्याचारों के ख़िलाफ़ किया गया था। हूल विद्रोह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना है जिसने न केवल ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध को उजागर किया, बल्कि आदिवासी अधिकारों और शोषण के खिलाफ संघर्ष के लिए एक प्रेरणा भी प्रदान की। यह विद्रोह आज भी प्रासंगिक है क्योंकि आदिवासी समुदायों को आज भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और यह विद्रोह उनके अधिकारों के लिए लड़ने और न्याय प्राप्त करने के लिए एक प्रेरणा प्रदान करता है। यह ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला संगठित आदिवासी विद्रोह था। इसने आदिवासी समुदायों द्वारा सामना किए जा रहे शोषण को उजागर किया और भारत में बाद के आदिवासी आंदोलनों को प्रभावित किया। हुल का अर्थ होता है विद्रोह या क्रांति। यह शब्द संथाल आदिवासी समुदाय द्वारा उनके अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ लडे गए, संघर्ष को दर्शाता है। इतिहासकार वाल्टर हॉउजर ने अपनी पुस्तक आदिवासी एंड द राजः सोसियो एकोनोमिक ट्रांजिक्शन आफ द संथाल इन ईस्टर्न इंडिया में संथाल हूल विद्रोह या हुल विद्रोह को हक की लड़ाई और ब्रिटिश सरकार के नीतियों के खिलाफ संघर्ष के रूप में देखा। जब अंग्रेजी हुकूमत के आगमन के बाद, जमींदारी प्रथा ने संथालों की ज़मीनों पर कब्जा कर लिया। आदिवासी समुदाय को उनकी जमीनों से बेदखल कर दिया गया और अत्यधिक करों और उच्च ब्याज दरों पर ऋण लेने के लिए मजबूर किया गया। साथ ही कर को इतना अधिक बढा दिया गया कि कर चुकाना भी मुश्किल हो जाता था। ब्रिटिश भी इतने थे कि शातिर थे कि अगर जो भी कर चुका नही पाता था तो उस पर मुकदमा चलाया जाता, जिससे और अधिक प्रताड़ित किया जाता था। ब्रिटिश अत्याचारों से संतालों की सामाजिक और सांस्कृतिक तानाबाना को प्रभावित हो रही थी।अंग्रेजों द्वारा नियोजित कर-संग्रह करने वाले महाजन जमींदार बिचौलियों के रूप में अर्थव्यवस्था पर हावी हो गए। कई संथाल भ्रष्ट धन उधार प्रथाओं के शिकार हो गए। उन्हें अत्यधिक दरों पर पैसा उधार दिया गया था। जब वे कर्ज चुकाने में असमर्थ थे, तो उनकी जमीनों को जबरन छीन लिया गया और उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर कर दिया गया। 30 जून 1855 को, इनलोगों ने लगभग 60,000 संथालों को लामबंद किया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | 5 | | |
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 9 | | | 10 | |
| 11 | | | | 12 | | 13 | | |
| | | | | | | | | 14 |
| | 15 | | | | | 16 | | |
| 17 | | | | 18 | 19 | | | |
| | 20 | 21 | | | | | 22 | |
| 23 | | | | 24 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -8413 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| व्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | वा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | य |
| स | ना | त | न | ■ | र | स | खा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**1 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.29 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | सिंह | 08.45 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.57 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.07 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.22 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.38 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.43 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.30 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.03 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.33 बजे से |
| 3.00 से 4.30 बजे तक | | वृष | 02.13 बजे से |
| | | मिथुन | 04.11 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 182 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 10.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 08.54 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 17.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 10.21 बजे तदनन्तर गर 23.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 05.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872392
**जूलियन दिन** 2460857.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार

### राजधानी में ड्रंक एंड ड्राइव पर पुलिस की सख्ती: 10 वाहन चालक पकड़ाए

**रायपुर।** नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ रायपुर पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। शनिवार और रविवार की रात शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाए गए चेकिंग अभियान में ड्रंक एंड ड्राइव के तहत 10 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। सभी मामलों में चालान काटकर प्रकरण न्यायालय भेजा गया है, साथ ही संबंधित चालकों के लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में श्रीराम मंदिर चौक, फुंडहर चौक और तेलीबांधा थाना चौक पर रात 11 बजे से 2 बजे तक बेरिकेटिंग कर विशेष जांच अभियान चलाया गया। रायपुर पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में अब तक 860 ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इन मामलों में वाहनों को जब्त कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां ?10,000 से ?15,000 तक का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है।

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा आज कार्यालय परिसर में निजी क्षेत्र के नियोजक स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा फील्ड ऑफिसर एवं कलेक्शन ऑफिसर के लिए कुल 30 पदों हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। उक्त कैम्प में 84 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिसमें से 30 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

### जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग की बैठक लोकेश राठौर के नेतृत्व में सम्पन्न हुई

**जांजगीर चांपा।** राजधानी रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाली किसान-जवान-संविधान सभा की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की अहम बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित लिंक रोड कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी विभाग केशव चन्द्राकर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर के नेतृत्व में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस संदीप यादव ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभा ओबीसी वर्ग की शक्ति और कांग्रेस पार्टी की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। लोकेश राठौर ने कहा कि जांजगीर जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। यह केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और अधिकारों की लड़ाई का मंच है। उन्होंने बैठक में आए कार्यकर्ताओं का आभार जतााया।

### ग्राम खोखरा में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम, थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम खोखरा में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अमिताभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया और अपील की कि सभी लोग नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।थाना प्रभारी ने बताया कि हेलमेट पहनना दोपहिया वाहन चालकों के लिए अनिवार्य है और इससे दुर्घटना की स्थिति में जीवन की रक्षा होती है। साथ ही उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के सभी जरूरी कागजात और बीमा आदि दस्तावेजों को हमेशा सुरक्षित और साथ रखने के निर्देश दिए।इस मौके पर ग्राम सरपंच दुर्गा अजय राठौर, महामंत्री भाजपा मंडल अजय राठौर, राजेश राठौर, रामशंकर राठौर और दुर्गेश राठौर भी उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुआ।

**गड़बड़ी और लापरवाही पाए जाने पर थमाया नोटिस**

# कृषि विभाग की टीम ने आधा दर्जन दुकानों में दी दबिश

**विजय मत, बिलासपुर**

कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने फिर छापामार शैली में कार्रवाई की। उन्होंने बिल्हा और मस्तूरी ब्लॉक के आधा दर्जन खाद और कृषि दवाई दुकानों में दबिश दी। गड़बड़ी और लापरवाही पाए जाने पर उन सभी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह में कमियां दुरुस्त कर उनसे रिपोर्ट तलब की गई है। अन्यथा लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय ने खाद, बीज और कृषि दवाइयों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम कसने के सख्त निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। इस क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर उप संचालक कृषि द्वारा टीम गठित की तत्परता पूर्वक कार्रवाई की जा रही है। उप संचालक पीडी हथेश्वर ने बताया कि जिला स्तरीय





निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड-बिल्हा और मस्तूरी अन्तर्गत मेसर्स किसान मितान कृषि केन्द्र मोपका, मेसर्स अमृत कृषि केन्द्र सीपत, मेसर्स अग्रवाल खाद भण्डार मल्हार, मेसर्स गुप्ता खाद भण्डार मल्हार, मेसर्स गणेश खाद भंडार मल्हार एवं मेसर्स कैवर्त कृषि केन्द्र मल्हार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसमें मेसर्स किसान मितान कृषि केन्द्र मोपका वि.ख. बिल्हा में उर्वरक एवं बीजों का निर्धारित प्रारूप में स्टॉक पंजी का संधारण नहीं किया जा रहा था। मूल्य और उपलब्ध खाद की मात्रा सूची प्रदर्शित नहीं किये जाने के साथ ही सप्ताहिक एवं मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने तथा बीज अनुज्ञप्ति में बिना प्रविष्टि कराये कम्पनियों के बीजों का भण्डारण किये जाने के कारण शो कॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मेसर्स मेसर्स अमृत कृषि केन्द्र सीपत में मूल्य - स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं एवं निर्धारित प्रारूप में स्कंध एवं बिल बुक नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। मेसर्स अग्रवाल खाद भण्डार मल्हार को मूल्य, स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं एवं निर्धारित प्रारूप में स्कंध एवं बिल बुक नहीं पाये जाने तथा उर्वरक अनुज्ञप्ति में समावेश कराये कम्पनियों के उर्वरकों के अतिरिक्त अन्य कम्पनी के उर्वरकों का भण्डारण किये जाने के कारण नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल में अनिल कुमार शुक्ला सहायक संचालक कृषि, उमेश कश्यप ग्रा.कृ.वि.अ., विजय धीरज ग्रा.कृ.वि.अ., कार्यालयीन एवं विकासखंड मस्तूरी से ए.के.आहिरे प्र.व.कृ.वि.अ., एवं अनामिका वर्मा कृ.वि.अ.उर्वरक निरीक्षक उपस्थित थे।

### 'उर्वरकों का भण्डारण किये जाने के कारण नोटिस जारी कर जवाब मांगा

मेसर्स गुप्ता खाद भण्डार मल्हार को बिल बुक निर्धारित प्रारूप में संधारण करने हेतु चेतवानी दी गई । मेसर्स गणेश खाद भण्डार मल्हार को अनुज्ञप्ति में फार्म ओ समावेश कराने, निर्धारित फार्मेट में बिल एवं स्कंध संधारण नहीं किये जाने के कारण करने नोटिश जारी किया गया । इसी प्रकार मेसर्स कैवर्त कृषि केन्द्र मल्हार को कीटनाशक एवं बीज अनुज्ञप्ति में बिना प्रिसिंपल सर्टिफिकेट समावेश के कीटनाशक औषधियों पर विक्रय करने, क्रेताओं को निर्धारित फार्मेट में बिल नहीं दिये जाने, स्कंध पंजी का संधारण नहीं किये जाने पर जवाब तलब किया गया है।

# समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जिला प्रशासन सुकमा की अभिनव पहल

**विजय मत, सुकमा**

नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में जिला प्रशासन द्वारा आत्म समर्पण कर मुख्यधारा में लौटे 30 पूर्व नक्सलियों को नया जीवन शुरू करने का अवसर प्रदान किया गया है। प्रशासन द्वारा इन युवाओं कोो राजमिस्त्री का व्यवसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वालंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए सुनहरे भविष्य की राह तैयार की की जा रही है। जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और एसपी किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में इस पहल की शुरूआत की गई है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी लाभार्थियों को एसपी श्री किरण चव्हाण ने कार्यालय में प्रमाण पत्र प्रदान किया।



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पुनर्वास केंद्र में रखकर उनके कौशल विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित कराए जा रहे हैं। इस योजना से नक्सली गतिविधियों से दूरी बनाने वालों को न केवल सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनके परिवारों को राज्य सरकार द्वारा आत्म समर्पित नक्सलियों के लिए आजीविका के साधन भी उपलब्ध होंगे। शांति और विकास की राह में सम्मानजनक पहल की जा रही है। लाइवलीहूड कालेज के तत्वाधान में आरसेटी के तहत चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की दिशा में यह एक अहम प्रयास माना जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह की योजनाएं बाकी सक्रिय नक्सलियों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेगी। प्रशिक्षण हासिल करने वाले सभी आत्मसमर्पितों को एसपी के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र पाकर प्रशिक्षित युवाओं में आत्मविश्वास साफ नजर आया। प्रशासन ने भरोसा जताया कि इस पहल से न सिर्फ उनका भविष्य सवंरेगा बल्कि सुकमा में स्थायी शांति और स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### ग्राम पंचायत पाराडोल में हुआ शिविर का आयोजना

**एमसीबी।** जिले के विकासखंड मनेंद्रगढ़ अंतर्गत चिन्हांकित ग्राम पंचायत पाराडोल में विगत 28 जून 2025 को राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की शतप्रतिशत क्रियान्वयन एवं सैचुरेशन को लेकर एक व्यापक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, जनहित में लंबित कार्यों को चिन्हांकित कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। इस शिविर में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, आधार सेवा ऑपरेटर, श्रम विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक विहीन स्कूलों को मिले स्थायी शिक्षक



**विजय मत, महासमुंद**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश के हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। शासन के निदेर्शानुसार शिक्षकों का समायोजन (काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से) करके उन्हें उन स्कूलों में भेजा गया जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता थी। महासमुंद जिले में इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे कई स्कूलों में अब स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे न केवल छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा, बल्कि अभिभावकों में भी संतोष और विश्वास की भावना उत्पन्न हुई है। शासन के निदेर्शानुसार जिले में विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए अतिशेष शिक्षकों का समायोजन उन स्कूलों में किया गया, जहां विषयवार शिक्षकों की अत्यंत आवश्यकता थी। इस काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से बसना विकासखंड में 126, सरायपाली में 152, पिथौरा में 139, महासमुंद में 211 और बागबाहरा में 75, इस प्रकार कुल 703 शिक्षकों का नियमानुसार समायोजन किया गया।

# एएसआई दौलत सिंह ठाकुर और आरक्षक विपिन तिवारी हुए सेवानिवृत्त

**विजय मत, रायगढ़**

रायगढ़ जिला पुलिस के सहायक उप निरीक्षक दौलत सिंह ठाकुर और आरक्षक विपिन तिवारी ने आज अपनी अर्द्धवार्षिकी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सम्मानपूर्वक सेवा निवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक अमित सिंह ने दोनों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सेवाकाल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एएसआई दौलत सिंह ठाकुर ने लगभग 41 वर्षों तक पुलिस विभाग में सेवा दी। वर्ष 1984 में आरक्षक पद पर भर्ती होकर उन्होंने कोतरारोड़, चक्रधरनगर थाना सहित जिला जांजगीर-चांपा में भी अपनी सेवाएं दीं। उनका अंतिम पदस्थापन थाना यातायात रायगढ़ में रहा। इसी तरह सेवा निवृत्त आरक्षक विपिन तिवारी ने करीब 43 वर्षों तक विभाग में



कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया। वे रायगढ़ जिले के कोतवाली, रक्षित केन्द्र, चक्रधरनगर सहित जिला जशपुर के कांसाबेल में भी पदस्थ रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्वास्थ्य, दीघार्यु और सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रभारी मुख्य लिपिक मनोरमा बहिदार को निर्देशित किया कि सेवानिवृत्तों के पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य देयकों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से अधीक्षण अभियंता सहित 9 कर्मियों की विदाई

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी मुख्यालय में आज अधीक्षण अभियंता सहित 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति व विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के समय हमारे यहां केवल 27 अतिउच्चदाब उपकेन्द्र थे जो आज बढ़कर 135 हो गये है। साथ ही पारेषण लाइनों की लंबाई 4 हजार सर्किट किलोमीटर से बढ़कर 14 हजार सर्किट किलोमीटर हो गई है। 25 वर्षों में राज्य के पारेषण नेटवर्क



का तेजी से विस्तार हुआ है। इसका श्रेय सभी अधिकारी-कर्मचारियों की लगन, मेहनत और निष्ठा को जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों के अनुभव का विशेष लाभ उनके मातहत कर्मचारियों को मिलता है। आज जो सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनका विशेष योगदान इसमें है। विदाई समारोह में अधीक्षण अभियंता (टीएंडडी) प्रमोद कुमार कोमजवार रायपुर, सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) भरत सिंह ध्रुवे, रायपुर, अनुभाग अधिकारी निर्मला ध्रुव बिलासपुर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक राम भरोसे मन्नेवार रायगढ़, लाइन सहायक श्रेणी-एक गनपत राम धुरंधर रायपुर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक विनोद कुमार भंगाले खेदामारा, संयंत्र सहायक श्रेणी-दो किशोर महतो कोरबा, लाइन सहायक श्रेणी-2 संपत लाल अहिरवार कोरबा (स्वैच्छिक) एवं कांता बाई राजवाड़े, भृत्य कोरबा को सेवानिवृत्ति उपरांत प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

### अवैध रूप से पाए जाने पर 92 नग पाव गोवा व्हिस्की विदेशी मदिरा जप्त

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** आबकारी वृत्त मरवाही की टीम द्वारा रविवार को गस्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम धोबहर में प्रेमा सोनी के आधिपत्य से मध्य प्रदेश राज्य की अवैध शराब 92 नग पाव कुल मात्रा 16.560 बल्क लीटर गोवा व्हिस्की विदेशी मदिरा बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है। जप्ती की कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक तुलेश कुमार देशलहरे, मुख्य आरक्षक सुधीर मिश्रा, आबकारी आरक्षक प्रकाश सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

**पूर्व में दंडवत यात्रा कर जिला प्रशासन को 11 सूत्रीय मांग को लेकर सौंपा जा चुका हैं ज्ञापन**

# गौ सेवा धाम के गौ सेवकों ने किया घी कुंड मोपका तालाब में जल सत्याग्रह

**विजय मत, बिलासपुर**

गौ सेवा धाम के गौ सेवकों ने जल सत्याग्रह किया। जिसमें घी कुंड मोपका तालाब में पानी के अंदर जाकर जल सत्याग्रह किया गया। गौसेवकों ने इसके पहले दण्डवत यात्रा मस्तूरी से बिलासपुर तक निकाली थी। जिसमें प्रशासन को 11 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें शासन को 15 दिनों का समय दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिस पर गौसेवकों जल सत्याग्रह किया और सोमवार सुबह 10.30 बजे से जल सत्याग्रह किया। इसमें मुख्य रूप से पांच माँग रही गई। बिलासपुर गौ सेवा धाम को घायल गौ माता की सेवा के लिए जमीन दी जाए और तस्करों पर कार्रवाई कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई और अकाउंट की जांच कर माँग रखी गई हैं। किसानों को



गोबर का मूल्य दिया जाये। किसानों को प्रति गौ वंश का मासिक 1000/- सेवा शुल्क दिया जाए। जिले का वेटनरी हॉस्पिटल 24 घंटे खुले लापरवाह डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। जिस तरह महाराष्ट्र सरकार ने गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए उसी प्रकार से छत्तीसगढ़ सरकार भी गौ माता को राज्य माता का सम्मान देव। जिस पर शाम को ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया और तहसीलदार ने कलेक्टर महोदय से बात कर समस्या का निराकरण करने की बात कही जिस पर गौ सेवकों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगला सत्याग्रह जारी रहेगा सोमवार तक प्रशासन ने मांग पूरी करने की बात कहीं है और गौ सेवकों ने 15 दिनों बाद उल्टे पैर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों कार्यालय जाने की बात कही है इस सत्याग्रह का नाम गौसेवकों ने दिया है।

**गौमाता की जय:** बिलासपुर गौ सेवा धाम के गौ सेवकों में विपुल शर्मा ओमेश बिसेन गोपालकृष्ण रामानूज दास बाबा शर्मा मंजीत सिंह आचार्य सचिन शिवांश पांडेय अंकित तिवारी निहाल राके आकांक्षा कौशिक सिद्धार्थ शर्मा, शत्रुघन यादव, शुभम शुक्ला शुभम साहू, जितेंद्र लकड़ा, शांतनु पांडेय, आशीष त्रिपाठी, मुकेश कश्यप बाबा सोमावार आशीष यादव, राज यादव, मनीष कौशिक युवराज साहू वैष्णवजी दिव्यांश रजक अभिषेक गुप्ता विकास यादव मोहन श्रीवास रवि ताम्रकर विशु साहू पुष्पदंत शर्मा विनय शर्मा मौजूद रहे।

# महासमुंद जिले में तीन दिन में 1438 पशुओं का किया गया टीकाकरण

**विजय मत, बलौदाबाजार**

जिले में पशुधन की सुरक्षा और स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में सम्पर्क केन्द्र की पहल पर 27 जून 2025 को एक महत्वपूर्ण वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरेन्द्र सिंह ने जिले के 10 ग्राम पंचायतों से सीधे संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों को पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई जिसमें विशेष रूप से पशु टीकाकरण, रोग निवारण, पशु उपचार शिविर शामिल हैं। इस दौरान कुछ



पंचायतों में अभी तक पशु टीकाकरण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने की जानकारी मिलने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डॉ. सिंह ने मौके पर ही संबंधित पंचायतों में टीकाकरण टीम भेजने का निर्देश दिये। सम्पर्क केन्द्र की सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी समन्वय के फलस्वरूप 28 जून से 30 जून 2025 तक पशु टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया जिसमें गलघोटू एवं एकटंगिया (लंगड़ी) रोग से बचाव हेतु 1438 पशुओं को टीकाकरण किया गया। इसमें ग्राम पंचायत दतरेंगी में 305 पशु, ग्राम पंचायत चरौदा में 515 पशु,ग्राम पंचायत खैरा में 105 पशु,ग्राम पंचायत बिटकुली में 145 पशु एवं ग्राम पंचायत रानीजरौद में 368 पशु शामिल हैं। सम्पर्क केन्द्र की इस त्वरित पहल को पंचायत प्रतिनिधियों एवं पशुपालकों ने जिला प्रशासन व विभाग की सराहना की है।सम्पर्क केन्द्र की यह पहल विभागीय सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने की एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आई है।

# थाना के पास मंदिर की दान पेटी तोड़ उड़ाए ले गया हजारों रुपये

## भगवान के घर को भी नहीं छोड़ रहे चोर

**विजय मत, भानुप्रतापपुर**

भानुप्रतापपुर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब मंदिर भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने रउद्ध कार्यालय के पास मौजुद श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर को अपना निशाना बनाया और दान पेटी को तोड़कर उसमें रखे करीब 70,000 रुपये उड़ा ले गए। यह घटना और भी चौंकाने वाली इसलिए है, क्योंकि यह मंदिर भानुप्रतापपुर पुलिस थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है और ठीक रउद्ध कार्यालय व तहसील परिसर के सामने है, जहां 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहता है। चोरी की सूचना मिलते ही भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी मौके पर




पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों की तलाश में जुटी है। गौरतलब है कि भानुप्रतापपुर में इस तरह का ये पहला मामला नहीं है, इससे पहले संजय पारा स्थित शिव मंदिर से भी चोर दान पेटी चोरी कर ले गए थे। लगातार हो रही मंदिरों में चोरी की वारदातों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जीजा-साली चला रहे थे सेक्सटॉर्शन रैकेट, दुर्ग पुलिस की गिरफ्त में 1 आरोपी

**दुर्ग।** नंदनी थाना पुलिस में सेक्सट्रार्शन का मामला सामने आया है। महिला आरोपी ने प्रार्थी को ब्लैकमेल करने सोशल मीडिया पर मेलजोल बढ़ाकर उसे प्रेमजाल में फंसाया और वीडियो कॉल करके रिकॉर्डिंग बना ली। इसके बाद अपने जीजा के साथ मिलकर प्रार्थी को उसका अश्लील वीडियो परिजन और रिश्तेदारों को भेजने की धमकी देकर 2 लाख रुपए वसूल लिए। पुलिस ने धारा 308(2), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर वृंदा नगर निवासी जीजा चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं महिला आरोपी दामिनी सोनी की तलाश की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि 27 जून को प्रार्थी ने नंदिनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि सिद्वार्थ नगर कोसानाला निवासी आरोपी दामिनी सोनी से वर्ष 2009-2010 परिचय हुआ।

# महिला अफसर के पति पीट गए प्रेमिकाओं से, दोनों युवती गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

मारपीट मामले में गिरफ्तारी हुई है। पहले मामले में सोनी कुमारी ने शिकायत की। जिसमें बताया कि वह गैलेक्सी आइलैंड कॉलोनी में रहती है। वह महालेखाकार कार्यालय में सहायक लेखाकार के पद पर है। 29 जून को रात 1:30 बजे दो लड़की रेशमा किरण और पिंकी सिंह राजपूत नशे की हालत में उनके घर पर घुसे। फिर उनके पति राजेश को खोजने लगे। फिर वापस चले गए। सुबह 5:30 बजे उनके पति राजेश कुमार सिंह घर आए। उनके सिर से खून निकल रहा था। उनके पीछे दोनों लड़कियां भी घर आ गई, उन्होंने सोनी के सामने फिर एक बार



राजेश की पिटाई कर दी। विधानसभा पुलिस से सोनी कुमारी ने लड़कियों के खिलाफ दो अलग-अलग समय में मारपीट की शिकायत की है। इसके बाद लड़कियों पर एक के बाद एक 2 एफआईआर दर्ज किया गया है। दोनों लड़कियों ने सोनी के घर में भी जमकर तोड़फोड़ की है। जिससे करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। इस मामले में रेशमा ने भी विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज कराई हैं। जिसमें बताया कि वह राजेश को 3 साल से जानती हैं। वह दोनों एक दूसरे को पसंद करते हैं। रेशमा ने बताया कि वह जानती थी कि राजेश शादीशुदा है। लेकिन तभी पता चला कि एक पिंकी सिंह नाम की अन्य महिला के साथ भी उसका संबंध है। एफआईआर के मुताबिक, 29 जून को पिंकी और रेशमा एक ही घर पर थे। तभी सुबह साढ़े 5 बजे राजेश घर आया। फिर उसने गाली गलौज करते हुए दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इन लड़कियों की शिकायत पर भी विधानसभा पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

## मेकाहारा के जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ मौदहापारा थाने में शिकायत

**रायपुर।** राज्य के अम्बेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स पर दो युवकों के साथ मारपीट का आरोप लगा है। इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया गया कि सड़क हादसे में घायल अज्ञात युवक को समय पर इलाज मिलने की मंशा से




अशोक नगर निवासी लेकर कैलाश और पुरूषोत्तम शर्मा पहुंचे थे। इलाज के बाद दोनों युवकों ने घर जाने के लिए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से पूछने भर से युवक का दबाया गला और डॉक्टरों ने मारपीट की। बताया गया कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर किसी मरीज का इलाज न करके अपनी महिला डॉक्टर साथी से बात कर रहा था। पूर्व में भी जूनियर डॉक्टरों द्वारा बाउंसरों से मरीज के परिजनों को पिटवाने की लगातार सामने आती रही है। मौदहापारा थाने में इसकी शिकायत की है।



## अंबिकापुर में दुष्कर्म का मामला आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से अपराध का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है। प्रदेश में आए दिन दुष्कर्म जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए दिन दुष्कर्म की खबर निकलकर सामने आती है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला गांधीनगर पुलिस थाना क्षेत्र का है। यहां एक अधेड़ व्यक्ति ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने लड़की को धमकी दी और कई बार उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी की इस हरकत से परेशान होकर नाबालिग ने अपने परिजनों को बताई। बेटी के मुंह से आपबीती सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजन तत्काल बच्ची को लेकर गांधीनगर थाने पहुंचें और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा ब्राउन शुगर सरगना करन बिंद बिहार से गिरफ्तार

**विजय मत, मुंगेली**

नशा मुक्त भारत पखवाड़ाॠ के तहत नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए मुंगेली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन में सिटी कोतवाली मुंगेली थाना क्षेत्र में पंजीबद्ध ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में मुख्य सरगना करन बिंद को सासाराम (बिहार) से गिरफ्तार किया गया है। करन बिंद के कब्जे से 1 पिस्टल, 2 मैगजीन, 11 जिंदा कारतूस और 2 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई अपराध क्रमांक 268/25, धारा 21 ठउद्धर एक्ट के तहत इंड-टू-इंड कार्रवाई के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि पहले इस मामले में लक्की उर्फ अवि पाठक और दीपक विश्वकर्मा को रामगोपाल तिवारी वार्ड, पुलपारा से 30 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत लगभग ?1.5 लाख) के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पूछताछ में इन दोनों ने बताया कि नशीला पदार्थ करन बिंद से खरीदा



गया था। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा और रउद्धढ मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम को बिहार के सासाराम भेजा गया, जहाँ से करन कुमार बिंद (उम्र 21 वर्ष), निवासी नया बस स्टैंड, बनरसिया, थाना मुफ्फसिला, जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक गिरीजाशंकर यादव (थाना प्रभारी सिटी कोतवाली), उनि. सुशील कुमार बंछोर (प्रभारी साइबर सेल), उनि. नंदलाल पैकरा, सउनि. ईश्वर सिंह राजपूत, प्रआर. रवि जांगड़े, आरक्षक भेषज पांडेकर, महेंद्र ठाकुर, रामकिशोर कश्यप, बसंत डाहिरे की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पटेल ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन बाजॠ एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक निर्णायक सफलता बताया है और अवैध नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# नवा रायपुर में हुड़दंग करते युवकों कार को डगमगा कर स्टंटबाजी

**विजय मत, रायपुर**

नवा रायपुर की सड़कों पर एक बार फिर से कार बाइक के स्टंटबाज धमाचौकड़ी कर दूसरे राहगीरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। इस बार डेथ राइडर नाम के स्टंटबाजों का यह वीडियो वायरल हुआ है। बताया गया है कि करीब 30-40 युवकों का यह गिरोह हर शनिवार रविवार की शाम नए शहर की सुनसान सड़कों पर निकलकर कर घंटों उधम मचाता है। कभी ओपन टाप की कार में तो कभी स्पोर्ट्स बाइक में ये लोग तेजी से हार्न, पटाखे के आवाज वाले साइलेंसर से दहशत का माहौल बना कर गुजरते हैं। इनका विरोध करने वाले राहगीरों के साथ मारपीट भी करते हैं। इस डेथ राइडर ग्रुप का यूट्यूब के साथ सोशल मीडिया साइट भी है। जिसमें ये अपने हर सप्ताह के स्टंट भरे वीडियो अपलोड करते हैं। आज वायरल हुआ वीडियो सेक्टर 27 में आईपी



### बाइक का नंबर प्लेट देख हैरान हुए पुलिसवाले

**बिलासपुर।** शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने में जुटी ट्रैफिक पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक चालक को सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक अपनी बाइक में आगे और पीछे अलग-अलग नंबर की नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था। उसके खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। यह कार्रवाई रविवार को सिम्स चौक के पास उस वक्त की गई जब यातायात पुलिस की टीम पेट्रोलिंग कर रही थी।

क्लब के पास की सड़क पर बनाया गया था। इसमें ये आधा दर्जन गिरोहबाज, ओपन टाप कार में बैठ कर कार को खतरनाक ड्राइव कर रहे हैं। इनके पीछे दो बाइक में अन्य साथी वीडियो बना रहे थे। इस वीडियो के साथ इन लोगों ने एक राजस्थानी गाना भी डब किया है ये जितने छोरे बेठे हैं मेरी गाड़ी में...वो संत महात्मा को नहीं, चंबल के डाकू हैं। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की मंदिर हसौद, राखी पुलिस छानबीन कर स्टंटबाजों की तलाश शुरू कर दी है।

## करोड़ों की पैंगोलिन की स्केल बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में वन विभाग को वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। अंबिकापुर रेंजर निखिल पैकरा के नेतृत्व में सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों के वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6 किलो पैंगोलिन की



स्केल जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लीलाराम कुजूर (36 वर्ष, निवासी कुसमी) और लवंग साय (38 वर्ष, निवासी करूंधा) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह तस्करी एक संगठित गिरोह के माध्यम से की जा रही थी, जिसमें और भी लोग शामिल हो सकते हैं। वन विभाग की टीमें अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं और पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए विस्तृत जांच जारी है। वन अधिकारियों के अनुसार, पैंगोलिन विश्व स्तर पर सबसे अधिक तस्करी किए जाने वाले स्तनधारियों में शामिल है। इसकी स्केल का उपयोग पारंपरिक औषधियों और दुर्लभ कलात्मक वस्तुओं के निर्माण में किया जाता है, जिससे यह अवैध व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। इसके संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सख्त नियम लागू हैं। वन विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जुआ फंड और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**विजय मत, रायगढ़**

जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। चक्रधरनगर, कोतरारोड़, जूटमिल और घरघोड़ा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब बिक्री और जुआ खेलने के मामलों में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतरारोड़ थाना प्रभारी के निर्देशन में ग्राम तारापुर राजापारा मोहल्ला में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी। मौके पर महिला भुरी बाई निषाद (31 वर्ष) अपने घर के सामने गली में महुआ शराब बेचते पकड़ी गई। उसके कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब (कीमत करीब 1500 रुपये) जब्त कर आरोपिया के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी दिन कोतरारोड़ पुलिस को



कांटाहरदी निवासी गोपाल प्रसाद जायसवाल द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध हाथ भट्ठी की शराब बिक्री हेतु रखने की सूचना मिली।


पुलिस ने घेराबंदी कर रेड की, जहां आरोपी गोपाल प्रसाद जायसवाल (42 वर्ष) निवासी कांटाहरदी को 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 1000 रुपये है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। दोनों कार्रवाई में प्रधान आरक्षक बाबूलाल पटेल, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आरक्षक शुभम तिवारी, संदीप कौशिक, शिवानंद प्रधान एवं महिला आरक्षक श्यामा सिदार शामिल रहे। उधर, थाना जूटमिल पुलिस ने ग्राम गढ़उमरिया तालाब के पास जुआ खेलाने की सूचना पर दबिश दी। पुलिस ने मौके पर रतराम बंजारे (56 वर्ष) निवासी गढ़उमरिया सतनामी मोहल्ला को खुड़खुड़िया गोटी से जुआ खेलते पकड़ा।

## खेत में मिला नौजवान का शव पेड़ में रस्सी फंसाकर झूला

**विजय मत, कोरबा**

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बोतली के पास एक खेत में युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के ही 18 वर्षीय युवक सांझी लाल राठिया के रूप में हुई। जिस हालत में शव मिला है, उसे देख कर मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस भी इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, गांव से करीब 200 मीटर दूर चौनपुर के खेत में एक पेड़ पर नायलॉन की रस्सी से युवक लटका मिला।

जैसे ही ग्रामीणों ने उसे देखा, तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर करतला थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ पहुंचे और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में पाया गया कि जिस तरह से



फंदा बनाया गया है और शव की स्थिति है, उससे यह साफ नहीं हो पा रहा कि यह खुदकुशी है या इसके पीछे कोई और साजिश है। थाना प्रभारी ने बताया कि एहतियातन मौके पर अन्य अधिकारियों को भी बुलाकर विस्तृत जांच कराई जा रही है। इसके बाद शव को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मृतक के परिवार का कहना है कि सांझी लाल का ऐसा कोई व्यवहार नहीं था जिससे लगे कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठाएगा। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत की असली वजह सामने आ सके।




## दुर्ग में 150 से अधिक वारंटी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले में लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली के लिए विशेष अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पता साजी हेतु विशेष टीम गठित कर वारंटियों के सकुनत तथा संभावित जगहो पर दबिश दिया गया। अभियान के तहत कुल 167 वारंट को दुर्ग पुलिस द्वारा तमिल किया गया। इस विशेष अभियान के तहत वारंटियो का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी एवं धरपकड की गई है। उक्त कार्यवाही में वर्षो से फरार थाना वैशाली नगर के पुराने वारंटी को भी पकड़कर वारंट तामील किया गया। इस प्रकार जिले में 167 वारंट में से 112 स्थाई वारंट और 55 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई।

### सड़क दुर्घटनाओ पर अकुंश लगाने दुर्ग पुलिस बड़ी पहल

# 5 घंटे के भीतर 264 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**विजय मत, दुर्ग**

रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाओ पर अकुंश लगाने हेतु पुलिस द्वारा प्रतिदिन विशेष चेकिंग पाइंट लगाकर लापरवाह वाहन चालको पर कार्यवाही की जा रही है जिसमें कल दिनांक को यातायात पुलिस एवं थाना स्टॉफ के द्वारा जिले के प्रमुख 08 स्थानों पर विशेष चेकिंग पाइंट लगाकर 264 लापरवाह वाहन चालको पर कार्यवाही की गई एवं ई रिक्शा / ऑटो चालकों की लिस्टिंग किया गया।

कल दिनांक 28 जून को रात्रि 06.00 बजे से 11.00 बजे तक यातायात पुलिस एवं थाना स्टॉफ के द्वारा विशेष चेकिंग पाइंट लगाकर दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले-25, बिना हेलमेट-36, तेज रफ्तार-11 बिना सिट बेल्ट-29 एवं शराब पीकर वाहन चालन करने वाले-05 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई साथ ही रूआबांधा क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन



खडा करने वाले 34 वाहन चालको पर कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चालन करने वाले वाहन चालक का वाहन जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय प्रस्तुत किया गया। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। ऐसे वाहन चालको के लायसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को भी भेजा गया है। संदिग्ध लगने वाले वाहन चालको के वाहन के डिग्गी की भी चेकिंग की गई। साथ ही प्रमुख रेलवे स्टेशन / बस स्टैंड में ई रिक्शा / ऑटो चालकों का सत्यापन हेतु नाम नंवर पता एवं अन्य जानकारी नोट किया गया।



## अवैध रेत की परिवहन करते 26 वाहन जब्त

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग सहित राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई में आज अल सुबह बरसते पानी में बिना पिटपास के रेत का अवैध परिवहन और ओवरलोड करते कुल 26 हाइवा वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई की गई। इनमें 18 हाइवा बिना पिटपास के और 8 हाईवा ओवरलोड के शामिल हैं। वाहनों को जब्त किया गया। यह हाईवा धमतरी जिले के भोयना, मथुराडीह एवं जंवरगांव मार्ग से जब्त किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इस कार्रवाई में तहसीलदार अखिलेश देशलहरे, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार डहरे, पटवारी विनोद पटेल, सहायक उप निरीक्षक रमेश साहू एवं 14 अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

# बेमेतरा में अनियंत्रित कार ने राहगीर को रौंदा, मौत



**विजय मत, बेमेतरा**

बेमेतरा में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में एक राहगीर की मौत हो गई है और 2 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी की अनुसार, यह हादसा साजा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 में हुई है। यहां कार ने 3 राहगीरों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं इस हादसे के बाद घायलों और मृतक के परिजनों ने थाने में जमकर हंगामा किया है। थाने में हंगामा करते हुए लोगों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से सड़क हादसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान गवां रहे हैं और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। आए दिन हो रहे हादसों ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ में सुसाइड के चार मामले

**रायपुर।** दंतेवाड़ा में महिला-पुरुष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड़ में युवक-युवती की लाश मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के पातरराास और कुम्हारराास में युवक ने पलंग पर रस्सी बांधकर आत्महत्या की है।

वहीं महिला की लाश मकान के अंदर फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह आत्महत्या का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस और फारेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंची है। वहीं राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड़ में युवक-युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। दोनों ही डोंगरगांव क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# केशव महाराज दक्षिण अफ्रीका की ओर से 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बने



**बुलावायो, एजेंसी**

कप्तान केशव महाराज की शानदार गेंदबाज से दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 251 रनों पर समेट दिया। केशव ने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक तीन विकेट लिए। इसी के साथ ही उन्होंने एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया। केशव अपनी टीम की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बन गये।

इस मैच में अफ्रीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 418 रन बनाये। इस प्रकार उसे पहली पारी के आधार पर 167 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिल गयी है। दक्षिण अफ्रीका के लिए इससे पहले 8 गेंदबाजों ने 200 या उससे अधिक विकेट लिये पर वे सभी तेज गेंदबाज थे। महाराज ने 200 विकेट का आंकड़ा क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल किया। केशव के अब अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हो गये हैं जिसमें 11 बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट शामिल हैं। गौरतब है कि दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड तेज गेंदबाज डेल स्टेन के नाम है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने अपने करियर में 439 विकेट लिए थे। उनके अलावा शॉन पॉलक ने 421 विकेट लिए और वह 400 से अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।

# अजहर महमूद पाकिस्तान टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बने



**लाहौर, एजेंसी**

पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बनाये गये हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर के नाम की घोषणा कर दी है पर कहा है कि वह वह शुरुआत में कार्यवाहक मुख्य कोच रहेंगे। अजहर पिछले काफी समय से पुरुष क्रिकेट टीम के गेंदबाजी और असिस्टेंट कोच रहे हैं। वह अपने मौजूदा अनुबंध के समाप्त होने तक इस पद पर काम करेंगे। पिछले दो साल में पीसीबी ने कई मुख्य कोच बदले हैं, ऐसे में महमूद कब तक टिक पायेंगे ये देखना होगा। पीसीबी को भरोसा है कि अजहर कोच को खिलाड़ी और कोच के रूप में काफी अनुभव है, इसलिए वह इस भूमिका में सफल रहेंगे। पीसीबी ने कहा, एक अनुभवी क्रिकेट खिलाड़ी अजहर अब कोच के तौर पर आ रहे हैं। टीम के सहायक कोच के रूप में लंबे समय से रहने के कारण वह टीम के रणनीतिक कोर समूह का एक अहम हिस्सा रहे हैं। खेल के बारे में उनकी जानकारी काफी अच्छी है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ हीइंग्लिश काउंटी सर्किट में मिली सफलता उन्हें इस पद के लिए सबसे अधिक उपयुक्त बनाती है। महमूद की कोच के तौर पर पहली परीक्षा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के तहत दक्षिण अफ्रीका की धरती पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ शुरू होगी।

फुटबॉल



अटलांटा में फीफा क्लब विश्वकप फुटबॉल में खेलती हुई पेरिस सेंट जर्मन और इंटर मियामी की टीमें।

# एकदिवसीय विश्वकप हारने के बाद कोच पद छोड़ना चाहते थे द्रविड़: रोहित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया है कि 2023 एकदिवसीय विश्वकप में मिली हार से कोच राहुल द्रविड़ भी बेहद निराश थे और उन्होंने कोच पद छोड़ने की पेशकश की थी। रोहित के अनुसार तब मैंने उन्हें कोच बने रहने को मनाया था और कहा था कि छह माह बाद टी20 विश्पकप है जिसमें हम एक बार फिर आईसीसी खिताब जीतने का प्रयास कर सकते हैं। उसके बाद द्रविड़ टी20 विश्वकप तक कोच रहे थे।



रोहित ने कहा, द्रविड़ 2023 विश्व कप के बाद पद छोड़ना चाहते थे पर हमने कहा, छह महीने में एक और वर्ल्ड कप है। हम इतनी दूर आ गए हैं। चलो एक और अवसर लेते हैं। वह इसके बाद कोच बने रहने तैयार हो गये, मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने ऐसा किया। अब उन्हें लगता है कि उन्होंने तब सही फैसला लिया थास। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, यह भावनात्मक भी था। एक क्रिकेटर के रूप में मेरी पहचान इस प्रारूप से शुरू हुई- 2007 टी20 विश्व कप में। वहीं 17 साल बाद फिर वही ट्राफी उठाना एक शानदार अनुभव था।

उन्होंने साथ ही कहा, बारबाडोस हमेशा मेरी मेरी यादों में रहेगा। यह मेरे क्रिकेट करियर का सबसे गौरवपूर्ण क्षण था। उस ट्रॉफी को उठाना, आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप 2024 का चैंपियन बनना।

# डब्ल्यूटीसी अब अहमदाबाद में होना चाहिये : रवि शास्त्री

**मुम्बई, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अगला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 (डब्लयूटीसी) फाइनल भारत के अहमदाबाद में होना चाहिये। शास्त्री के अनुसार इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए इंग्लैंड एक आदर्श स्थल है पर मेरा मानना है कि अब जब ये विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो गया है तो इसका आयोजन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बड़े स्टेडियमों में भी किया जा सकता है। शास्त्री के अुनसार इंग्लैंड ने तीन बार इस टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी कर ली है। पहला डब्लयूटीसी फाइनल साउथेम्प्टन के रोज बाउल में आयोजित किया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को हराया था। इसके बाद के दूसरा फाइनल ओवल में हुआ जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर चैंपियन बना। वहीं तीसरा फाइनल लॉर्ड्स के मैदान पर हुआ जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया।

शास्त्री ने कहा, ÷मुझे लगता है कि शुरुआत में इसका लॉर्ड्स में आयोजन अच्छा है पर लोकप्रियता और प्रशंसा मिलने के बाद इसे अन्य जगहों पर भी आयोजित किया जा सकता है। मुझे लगता है कि इसके फाइनल के लिए अहमदाबाद स्टेडियम भी अच्छा रहेगा।÷

उन्होंने साथ ही कहा, मूल रूप से, ऐसी जगहें जहां आप भीड़ खींच सकते हैं डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अच्छी है लॉर्ड्स 100,000 सीटों वाला स्टेडियम नहीं है। इसलिए चाहे कोई भी टीम खेल रही हो, आपको पता है कि आपको अच्छी भीड़ मिलेगी, इसलिए स्टेडियम बदलना ठीक रहेगा। गौरतलब है कि साल 2031 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल तक की मेजबानी इंग्लैंड के पास है, वहीं भारतीय बोर्ड ने 2027 फाइनल के लिए बोली लगाई थी पर उसे ये नहीं मिली।

# दूसरे टेस्ट के लिए बुमराह को आराम देकर कुलदीप को शामिल करें: अजहरुद्दीन

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि भारतीय टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बोझ नहीं बढ़ाते हुए उन्हें बीच-बीच में आराम देते रहना चाहिये। अजहर ने कहा कि बुमराह के फिट बने रहने से ही भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण बेहतर होगा। इस पूर्व कप्तान ने कहा है कि एजबेस्टन टेस्ट में भारतीय टीम बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल कर सकती है। साथ ही कहा कि लीड्स में पहले टेस्ट में भारतीय टीम बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर थी पर ये सही नहीं है, टीम में अन्य गेंदबाजों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

अजहरुद्दीन ने कहा, ''वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं पर ये सही नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है। इसलिए कुलदीप को अवसर देना चाहिए।'' भारतीय टीम को दो जुलाई से एजबेस्टन के मैदान में खेलना है और यहां पिच के सूखी होने की संभावना है जिससे कुलदीप भी प्रभावी हो सकते हैं।



पूर्व कप्तान ने कहा कि जीत के लिए टीम संयोजन भी सही होना चाहिये। उन्होंने कहा, ''हम निचले क्रम के बल्लेबाजी के विफल होने के कारण हारे, पर जीत के लिए गेंदबाजी भी सही होनी चाहिए।'' अजहरुद्दीन ने नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें अपनी क्षमता साबित करने के लिए पूरा समय दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, ''यह कप्तान के तौर पर उनका पहला मैच है। इसलिए अभी से उनकीक कप्तानी का आंकलन नहीं किया जा सकता है। पहले उन्हें पर्याप्त समय और सहयोग देना होगा।''

## आईसीसी ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना लगाया

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारत के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया है। इस प्रकार इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को दोहरा झटका लगा है। इस मैच में उसे भारतीय टीम ने 97 रनों से हराया था। वहीं अब उसपर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगा है। आईसीसी के अनुसार इंग्लैंड की टीम तय समय में पूरे 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी।

# बिजनेस

## एक्सिस बैंक सुपरमनी रुपे क्रेडिट कार्ड बनवाने पर मिलेगी सुविधा

# यूपीआई से लेनदेन पर मिलेगा तीन फीसदी कैशबैक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में यूपीआई पेमेंट का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। अब आपको यूपीआई पेमेंट करने पर आपको हर लेनदेन पर तीन फीसदी का कैशबैक कमाने का मौका मिल सकता है। इसके लिए आपको एक्सिस बैंक सुपरमनी रुपे क्रेडिट कार्ड बनवाना होगा। इस क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप्स से लिंक कर सकते हैं और पड़ोस के छोटे से दुकान पर लगे मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर इस कार्ड से पेमेंट कर सकते हैं। यह कार्ड एक्सिस बैंक और फ्लिपकार्ट ग्रुप की फिनटेक कंपनी सुपर मनी का को-ब्रांडेड कार्ड है। इसे हाल ही में लॉन्च किया गया है। यह एक




लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड है। इसका मतलब हुआ कि इस कार्ड के लिए आपको कोई जॉइनिंग और एनुअल फीस नहीं देनी होगी। यह कार्ड आपको वर्जुअल के साथ-साथ फिजिकल फॉर्म में भी मिलेगा। सुपरमनी ऐप के जरिए इस कार्ड से किए गए पेमेंट पर आप 3 फीसदी कैशबैक कमा सकते हैं। इस कार्ड के जरिए दूसरे सभी एलिजिबल खर्च पर 1 फीसदी कैशबैक पा सकते हैं। दोनों कैटेगरी मिलाकर आप हर महीने मैक्सिमम 500 रुपये कैशबैक कमा सकते हैं। पेट्रोल पंपों पर 400 रुपये से लेकर 4,000 रुपये फ्यूल खरीद का पेमेंट इस कार्ड से करने पर 1 फीसदी का फ्यूल सरचार्ज नहीं देना होगा। एक बिलिंग साइकिल में मैक्सिमम 400 रुपये फ्यूल सरचार्ज माफ हो सकता है। चूंकि यह क्रेडिट कार्ड रुपे नेटवर्क पर लॉन्च किया गया है तो इस कार्ड को उन सभी ऑनलाइन वेबसाइट और मर्चेंट आउटलेट में इस्तेमाल किया जा सकता है, जो रुपे कार्ड स्वीकार करते हैं।

# भारत के 9 तकनीकी सेक्टर 2030 तक कमा सकते हैं 738 अरब डॉलर: रिपोर्ट

- 2023 के मुकाबले करीब साढ़े तीन गुना बढ़ोतरी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 9 उभरते टेक्नोलॉजी सेक्टर 2030 तक देश को 588 से 738 अरब डॉलर की कमाई दिला सकते हैं। यह 2023 के मुकाबले करीब साढ़े तीन गुना बढ़ोतरी होगी, जब इनसे 164 से 206 अरब डॉलर की कमाई हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ग्रोथ भारत की तेज आरएंडडी क्षमता, पेटेंट्स और नई तकनीकों को तेजी से अपनाने की शक्ति से संभव हो सकती है। भारत के 9 संभावनाशील सेक्टर इस प्रकार हैं- ई-कॉमर्स, सेमीकंडक्टर, क्लाउड सर्विसेज़, साइबरसिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी, एआई सॉफ्टवेयर और सर्विसेज, अंतरिक्ष तकनीक (स्पेस), न्यूक्लियर फिज़न और रोबोटिक्स। इन




सेक्टरों को उनके उच्च पेटेंट ग्रोथ और भारी आरएंडी निवेश के आधार पर चुना गया है। 2030 तक ई-कॉमर्स मार्केट 240 से 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो इन नौ सेक्टरों की कुल कमाई का 40 फीसदी होगा। एआई टूल्स को अपनाने से यह सेक्टर 5 से 8 गुना और क्लाउड सर्विसेज 4 से 5 गुना बढ़ सकते हैं। ईवी सेक्टर 2030 तक 60 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वहीं स्पेस और न्यूक्लियर फिज़न में भी 4 से 5 गुना ग्रोथ की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि सही दिशा में निवेश और नीति निर्माण हुआ, तो भारत वैश्विक टेक्नोलॉजी हब बन सकता है।

# सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

- सोने के भाव 95,450 रुपये, जबकि चांदी लगभग 1,05,000 रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सोमवार को सुस्ती देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में सोने के भाव 95,450 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,05,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव तेजी, जबकि चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 22 रुपये की तेजी के



साथ 95,492 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,470 रुपये था। इस समय यह 20 रुपये की गिरावट के साथ 95,450 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉट्रेक्ट 149 रुपये की गिरावट के साथ 1,05,079 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,05,228 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 149 रुपये की गिरावट के साथ 1,05,079 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# विदेशी निवेशकों ने जून में बाजार में डाले 8,915 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस जून महीने में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 8,915 करोड़ रुपये की खरीदारी की है। एफआईआई की इस खरीदारी के पीछे तीन अहम वजहें मानी जा रही हैं–भारत की स्थिर और मजबूत अर्थव्यवस्था, ईरान-इजरायल तनाव का शांत होना जिससे वैश्विक जोखिम घटा है, और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी। इन सकारात्मक संकेतों ने एफआईआई को भारतीय बाजार की ओर आकर्षित किया है। एफआईआई ने जून में फाइनेंशियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल एस्टेट सेक्टर में अधिक निवेश किया, जबकि एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और आईटी सेक्टर में उन्होंने बिकवाली की। इस खरीदारी ने लार्जकैप शेयरों को सहारा दिया, जिससे निफ्टी और सेंसेक्स 2025 में अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। हालांकि एफआईआई ने बॉन्ड बाजार में जून में भी बिक्री का सिलसिला जारी रखा। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और भारत के बॉन्ड यील्ड में कम होता अंतर है, जिससे बॉन्ड्स का आकर्षण घटा है। जानकारों का कहना है कि डॉलर की कमजोरी उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक संकेत है। साथ ही उन्होंने चेताया कि ऊंचे वैल्यूएशन के चलते मुनाफावसूली हो सकती है। उन्होंने सेबी और अन्य रेगुलेटरी संस्थानों की तारीफ करते हुए कहा कि उनके सुधारों से भारत में बाजार सहभागिता और पारदर्शिता बढ़ी है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 26 पैसे गिरकर 85.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जबकि शुक्रवार को रुपया 85.49 पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 85.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

# सेंसेक्स 452 अंक गिरकर 83,606 पर बंद, निफ्टी 120 लुढ़का

## ट्रेंट, बीईएल और एसबीआई 3% चढ़े, रियल्टी और ऑटो शेयरों में गिरावट रही

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार जून महीने के अंतिम कारोबारी दिन सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 452 अंकों की गिरावट के साथ ही 83,606.46 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120 अंकों की गिरावट के साथ 25,517.05 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर एसबीआई, ट्रेंट, श्रीराम फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ के साथ ही हरे निशान पर रहे जबकि टाटा



कंज्यूमर, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, हीरो मोटोकॉर्प, एक्सिस बैंक के शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। आज पीएसयू बैंक इंडेक्स में 2.5 फीसदी की बढ़त रही, जबकि रियल्टी, एफएमसीजी, ऑटो, मेटल के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.8 फीसदी की तेजी रही। वहीं वित्तीय और ऑटो शेयरों में गिरावट के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में निचले स्तर पर कारोबार हुआ। मध्य पूर्व में तनाव कम होने और विदेशी पूंजी प्रवाह में मजबूत होने से जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों में तेजी के बीच ही बाजार सपाट स्तर पर खुले। आज सुबह सेंसेक्स करीब 30 अंक गिरकर 84,027.33 पर खुला। इस समय यह 119.59 अंक की गिरावट लेकर 83,939 पर कारोबार कर रहा था। सेक्टरों में निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 0.94 प्रतिशत की तेजी आई। जबकि निफ्टी ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। । वहीं एशियाई बाजारों में सोमवार को तेजी रही। जापान के निक्केई इंडेक्स में 1.6 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में 1 फीसदी की वृद्धि हुई। कोस्पी में 0.64 फीसदी की वृद्धि हुई तथा एएसएक्स 200 में 0.19 फीसदी की वृद्धि हुई। वर्ष की दूसरी छमाही में बाजार के प्रवेश के साथ ही एशियाई बाजारों में शुरुआती घंटों के दौरान अमेरिकी इक्विटी फ्यूचर्स भी तेजी से बढ़ा। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट ने सभी क्षेत्रों में मजबूत बढ़त दर्ज की। एसएंडपी 500 अपने पिछले शिखर 6,147.43 को पार करते हुए 6,173.07 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ।

# यूपी से बिहार तक बदले पेट्रोल और डीजल के भाव

- ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 67.13 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों की वजह से देशभर में तेल की खुदरा कीमतों पर इसका असर दिख रहा है। क्रूड एक समय गिरकर 65 डॉलर तक चला गया था, जो फिर 70 की तरफ बढ़ रहा है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में इसका असर नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 9 पैसे चढ़ा और 87.98 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96 पैसे गिरकर 94.44 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 1.09 पैसे नीचे आकर 87.51 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी




पटना में पेट्रोल 18 पैसे गिरावट के साथ 105.23 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 17 पैसे गिरकर 91.49 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 67.13 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी बढ़त के साथ 64.71 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

# खूब पढ़ें और आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री से मिलकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के खिले चेहरे



▸ मुख्यमंत्री ने बौद्धिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले के युवाओं से की आत्मीय मुलाकात

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में बौद्धिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले के युवाओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने युवाओं से उनका हाल-चाल जाना और राजधानी रायपुर में उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री से मिलकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के युवाओं से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने कहा कि नक्सली विकास विरोधी हैं। वे नहीं चाहते कि बस्तर के लोगों को पानी, बिजली, सड़क और विद्यालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। सरकार की प्राथमिकता बस्तर का विकास है। बहुत जल्द बस्तर से नक्सलवाद खत्म होगा। मुख्यमंत्री ने बड़े प्रेम से प्रदेश के सुदूर क्षेत्र से आये इन युवाओं से बातचीत की और उनके बारे में जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री साय ने किया मंत्रालय के पंचम तल में नवीन सभागार का लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन के सेक्रेटरी ब्लॉक के पंचम तल पर निर्मित नवीन सभागार का लोकार्पण किया। 13.90 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित यह भव्य सभागार सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। 6450 वर्गफुट क्षेत्र में बने इस कॉन्फ्रेंस हॉल की बैठक क्षमता 185 सीटों की है। सभागार आंतरिक विद्युतीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, वातानुकूलन, ऑडियो-विजुअल प्रणाली, आंतरिक साज-सज्जा तथा फर्नीचर सहित सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है।

# रायपुर रेलवे मंडल में विकास की बढ़ेगी रफ्तार

## जीएम के साथ सांसदों की बैठक में यात्री सुविधाओं और नई ट्रेनों पर हुई अहम चर्चा

**विजय मत, रायपुर**




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर सोमवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई. मंडल कार्यालय रायपुर के प्रथम तल सभागार में हुई यह बैठक रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

इस बैठक में बृजमोहन अग्रवाल सांसद / रायपुर लोकसभा, विजय बघेल सांसद/ दुर्ग लोकसभा, भोजराज नाग सांसद/ कांकेर लोकसभा, महेश कश्यप सांसद/ बस्तर लोकसभा , रूपकुमारी चौधरी सांसद/ महासमुन्द लोकसभा, रंजीत रंजन सांसद/राज्य सभा सहित सांसदों के प्रतिनिधि-अरुण सिंह चौहान (तोखन साहू राज्यमंत्री / आवास और शहरी मंत्रालय भारत सरकार), सद्दाम सोलंकी (फूलोदेवी नेताम-सांसद/ राज्यसभा), और मंडल रेल प्रबंधक रायपुरदयानंद, मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष और मंडल के अधिकारीगण उपस्थित रहे.

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मिलेगा. बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं और विकासात्मक कार्यों का ब्यौरा सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया.। इसी क्रम मेंदयानंद, मंडल रेल प्रबंधक ने रायपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य, आधारभूतसंरचना का विकास, अमृत भारत स्टेशनों पर जारी विकास कार्यों, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, वरिष्ठ व दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख करते हुए स्वच्छता अभियान, रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139, यात्री, संरक्षा, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी पॉवर पॉइंट के माध्यम से दी। रेलवे मंडल में हो रहे विकास कार्यों और उपलब्ध यात्री सुविधाओं को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने वाले सांसदों ने संतोष व्यक्त किया. उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित जन सरोकारों के मुद्दे उठाते हुए स्थानीय स्तर की समस्याओं और जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया।

# जवाहर बाजार निर्माण में गड़बड़ियों की हो जांच

**विजय मत, रायपुर**



नगर निगम में कांग्रेस के कार्यकाल में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष रही और वर्तमान महापौर मीनल चौबे ने नक्शा के विपरीत बनने वाले जवाहर बाजार का पुरजोर विरोध किया था, जवाहर बाजार अपने निर्माण के साथ ही विवादों में रहा है। इसे जोर जबरदस्ती बाजार भी कहा जाता है। जिसमें तत्कालीन महापौर ने नियम कायदे कानून को ताक में रखकर सिर्फ और सिर्फ अपने फायदे पर जोर दिया।

जवाहर बाजार निर्माण के समय सामान्य सभा की बैठक में निगम के पटल पर तत्कालीन नेता विपक्ष रही वर्तमान महापौर मीनल चौबे ने जमकर मामले को उठाया था और एमआईसी में बहुमत का दबाव होने के कारण नेता प्रतिपक्ष की आवाज जवाहर मार्केट के नक्शे के विपरीत निर्माण को रोक नहीं सकी ।

गौरतलब है कि उक्त निर्माण का प्रस्ताव पहले से पारित होने के बाद संबंधित विभाग में लेआउट एप्रूव्ड होने के बाद तत्काल डाउनलोड कंट्री प्लानिंग और शासन से अनुमोदन होने हेतु जवाहर मार्केट के संपूर्ण नक्शे को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने प्रस्ताव के आधार पर और गुण दोष को देखकर सभी प्रकार के सामान्य जनता के आवागमन और पार्किंग व्यवस्था को सम्मिलित करते हुए नक्शे को पारित किया था । उसके उपरांत नक्शे के विपरीत निर्माण पूर्व महापौर ने अपनी राजनीतिक रसूख का उपयोग करते हुए किया, होना बताया जा रहा है सीढिया और एक्सीलरेटर का नक्शे में होना अनिवार्य था इसलिए जनता की सुविधा सुगमता से माल मार्केट के अनुसार बनाई जाती है।

# महापौर ने शहर के कई मोहल्ले में नई सीसी रोड की दी सौगात

**विजय मत, रायपुर**



आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 के क्षेत्र में वार्ड पार्षद ममता सोनू तिवारी सहित महिलाओं, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवको, आमजनों, नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके एवं अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर लगभग 43 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से विविध नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

नगर निगम रायपुर के जोन 5 के भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 क्षेत्र में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विनायका सिटी श्रीराम गार्डन के पास 19 लाख 95 हजार रूपये में नई सीसी रोड, श्रीराम नगर, शिवनगर, अयोध्या नगर, करण नगर सहित अन्य क्षेत्रों में नई पुलिया और सड़क निर्माण कार्य, बीएसयूपी चंदन विहार में 19 लाख में नई सीसी रोड का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने अधिकारियों को स्वीकृति अनुसार नए विकास कार्य वार्ड 67 में शीघ्र प्रारम्भ करवाकर तय समयसीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनहित में प्राथमिकता से पूर्ण करवाने निर्देशित किया है। भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 की पार्षद श्रीमती ममता सोनू तिवारी ने वार्ड 67 के क्षेत्र में एकमुश्त 43 लाख के नए विकास कार्य जनहित में प्रारम्भ करवाने पर सभी वार्डवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद दिया।

# रायपुर में दिखी नई पीढ़ी की प्रतिभा की चमक भविष्य की झलक से अभिभूत हुए अतिथि

**विजय मत, रायपुर**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज नई पीढ़ी की प्रतिभा का एक शानदार और प्रेरणादायक नज़ारा देखने को मिला, जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित नई दुनिया इंटर क्विज कॉम्पिटिशन 2025 में स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने ज्ञान और आत्मविश्वास का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विशिष्टजन ने नई पीढ़ी के इस अद्वितीय प्रदर्शन को छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की संज्ञा दी।

# सिंहदेव ने किसान जवान, संविधान जनसभा को लेकर ली प्रेसवार्ता



**विजय मत, रायपुर**

कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने किसान जवान, संविधान जनसभा को लेकर प्रेसवार्ता ली, उन्होंने ङ्क में प्रेसवार्ता में दिए जानकारी साझा करते बताया कि राजीव भवन रायपुर में 7 जुलाई को होने वाली कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 'किसान, जवान, संविधान जनसभा' के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा मीडिया के साथियों को जानकारी दी। इस दौरान सह प्रभारी ज़रिता लैतफलांग जी, पूर्व मंत्रीगण प्रेम साई सिंह व अमरजीत भगत , DCC अध्यक्ष बलकृष्ण पाठक समेत PCC-DCC पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

यह जनसभा मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की मज़बूत आवाज़ बनेगी और कांग्रेस पार्टी के संघर्ष को दिशा प्रदान करेगी।

# सोशल मीडिया बना जनतंत्र की आवाज और ताकत

▸ कई बार फेक न्यूज का रहता है खतरा

**विजय मत, रायपुर**




रायपुर में एक दौर था जब आम जनता अपनी बात कहने के लिए मंच खोजती थी, अब सोशल मीडिया ने हर हाथ में मंच और हर जुबां को ताकत दे दी है। इंस्टाग्राम, ट्विटर (एक्स), यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म अब सिर्फ मनोरंजन या संवाद के साधन नहीं रहे बल्कि वे आम आदमी की 'डिजिटल लोकसभा' बन गए हैं।

30 जून को सोशल मीडिया डे के मौके पर हम रायपुर और आसपास की कुछ ऐसी वायरल घटनाओं की पड़ताल कर रहे हैं, जिनमें सोशल मीडिया ने सवाल भी खड़े किए, और व्यवस्था को कठघरे में भी ला खड़ा किया।

इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया अब जनता की निगरानी की आंख बन गया है। यह न सिफ मुद्दों को उठाता है, बल्कि जनमत को प्रभावित करने का भी जरिया बनता जा रहा है। लेकिन इस ताकत का इस्तेमाल सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। सोशल मीडिया एक ताकत है। उसे जिम्मेदारी से इस्तेमाल करें, वरना यही ताकत अफवाह का तूफान भी बन सकती है।

सोशल मीडिया के जरिए जहां सच्चाई सामने आ रही है, वहीं अफवाहें और भ्रामक सूचनाएं भी तेजी से फैलती हैं। बिना पुष्टि किए किसी खबर, वीडियो या फोटो को आगे न बढ़ाएं। कई बार भावनात्मक और तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत की गई सामग्री भी वायरल हो जाती है, जिससे माहौल बिगड़ सकता है।

**जब नीली बत्ती वाली कार की बोनट पर काटा केक**

एक पुलिस अफसर की पत्नी ने जन्मदिन पर सरकारी गाड़ी की बोनट पर केक काटा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और जनता ने तीखी प्रतिक्रिया दी कि क्या सरकारी संसाधनों का निजी उपयोग सही है? कार्रवाई हुई, पर सिर्फ ड्राइवर पर। सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी क्या नियम सिर्फ आम कर्मचारियों के लिए हैं? सोशल मीडिया के जरिए यह मामला देशभर में गूंजा। आज भी कई वीडियो वायरल हैं।

**नकटी गांव की चीख सोशल मीडिया पर गूंजी**-रायपुर के पास नकटी गांव में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी के लिए 85 घरों को हटाने का विरोध हुआ।

# निगम आयुक्त ने किए सहायक राजस्व अधिकारियों के तबादले

**विजय मत, रायपुर**




काफी वर्षों से नगर निगम रायपुर में सेवा दे रहे कुछ राजस्व अधिकारियों के खिलाफ राजस्व वसूली में गंभीर शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने सहायक राजस्व अधिकारियों के तबादले कर दिए है।

नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के मुताबिक जोन 1 के सहायक राजस्व अधिकारी नरेन्द्र नायक को जोन 9 में, जोन 2 से श्रीमती स्वाति शुक्ला को जोन 6 में, जोन 3 के प्रेमचंद दुबे को जोन 2 में, जोन 4 से मानकूराम धीवर को जोन 3 में, जोन 5 के गौरीशंकर अग्रवाल को जोन 10 में, जोन 6 से मनीष मरकाम को जोन 1 में, जोन 7 से अमरनाथ साहू को जोन 4 में, जोन 8 से प्रमोद जाधव को जोन 5 में, जोन 9 सक विजय शर्मा को जोन 7 में और जोन 10 के महादेव रक्सेल को जोन 8 में नवीन पदस्थापना दी है। निगम आयुक्त ने सभी को 24 घंटे के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए है।

# भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी चिमनानी मिले केंद्रीय मंत्री मांडविया व सांसद सुधांशु से



**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान सोमवार को केंद्रीय मंत्री खेल, युवा, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मनसुख मांडविया एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सासंद सुधांशु त्रिवेदी से दिल्ली में मुलाकात कर छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया तथा राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में राजनीतिक विषयों पर चर्चा की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय बोलीं- इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने देश को आपातकाल में झोंका

# राजधानी में भाजपा महिला मोर्चा का मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम

**विजय मत, रायपुर**



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा रविवार को अग्रसेन भवन, पुरानी बस्ती रायपुर में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल सहित महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी शामिल रहीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मॉक पार्लियामेंट को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत अच्छे तरीके से इस महिला संसद का आयोजन किया गया। हम सभी जानते हैं आपातकाल का यह 50वां वर्ष है, जो हमारे देश के संविधान और देश के लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस शासनकाल में आपातकाल के दौरान देश को किन-किन परिस्थितियों का सामना देश और देशवासियों को करना पड़ा, यह सोचकर भी मन दुखी होता है। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है कि देश का चहुंमुखी विकास हो। उनकी कल्याणकारी योजनाएं देश को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। भारत इन 11 वर्षों में विकास की ओर तेज रफ्तार से आगे बढ़ा है। इस बात को हम सभी देशवासी जानते हैं। आज भारत का सम्मान दुनिया के विभिन्न देशों में हो रहा है। दुनिया में भारत का परचम मोदी जी के नेतृत्व में लहरा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आज़ादी के बाद ज़्यादा समय तक देश में कांग्रेस की सरकार रही। उस समय राजनीतिक दल इतने जागरूक नहीं हुआ करते थे। देश के लोकतंत्र पर कुठाराघात कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के माध्यम से किया। 25 जून 1975 को देश को आपातकाल में झोंक दिया गया था। लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस सरकार के कुशासन और उनकी कुनीतियों ने देश को आपातकाल के अंधकार में धकेल दिया। कांग्रेस की विध्वंसकारी नीतियों ने देश को गर्त में ले जाने का काम किया। कांग्रेस ने चुनाव में सरकारी मिशनरी का दुरुपयोग किया। सरकारी तंत्र एवं सरकारी पैसों का दुरुपयोग करके चुनाव को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के काले अध्याय को आज के युवाओं को अच्छी तरह से जानने एवं कांग्रेस शासनकाल के दौरान 1975 में हुई भीषण विभीषिका से परिचित होने की आवश्यकता है, इसलिए यह कार्यक्रम किया गया।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि देश में आपातकाल 25 जून को मध्य रात्रि को लगा दिया गया। लगाने का कोई कारण नहीं था। आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि उस समय सत्ता में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ कोर्ट का निर्णय हुआ और उस समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। इसलिए उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ता। अपने पद को बचाने के लिए देश में आपातकाल लगाया गया। आपातकाल लागू कर इंदिरा गांधी ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए भारत के संविधान में संशोधन किया। कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या की। एक लाख से ज़्यादा लोगों को जेल के अंदर डाल दिया गया, जिनमें विपक्षी दल के नेता भी थे, भारत में रहने वाले नागरिक भी थे। लोगों की ज़बरदस्ती नसबंदी कराई गई। उस समय लोगों को जेल में डालकर दर्दनाक यातनाएं दी गईं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997